हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 8, अंक: 105, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 13 अक्टूबर, 2023 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## लगातार बदल रहा युद्ध का तरीका : नौसेना प्रमुख

### एडमिरल आर. हरि कुमार ने एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर फोर आइज का दिया मंत्र



नई दिल्ली। एनएसजी के 37वें स्थापना दिवस पर आतंकवाद विरोधी सेमिनार आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल हुए नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने कहा कि वह फोर आइज यानी खुफिया, नवाचार, एकीकरण और अंतरएजेंसी समन्वय पर जोर देते हैं। वहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड एनएसजी के महानिदेशक एमए गणपति ने कहा कि हमें हर समय तैयारी बनाए रखने की जरूरत है। एमए गणपति ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के लिए अपनी तैयारी बनाए रखने की जरूरत है। इस सेमिनार के माध्यम से, हम ऐसे परिदृश्यों पर भी चर्चा करेंगे और एक एसओपी बनाएंगे। वहीं, हरि कुमार ने कहा कि किसी भी खतरे के खिलाफ लड़ने के लिए सबसे पहले सटीक खुफिया जानकारी होना जरूरी है। भारत, हाल के वर्षों में, खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और उसका उपयोग करने में अधिक कुशल हो गया है। भारतीय नौसेना के लिए जी-सैट 7 एक ऐसा ही उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में 14 खुफिया एजेंसियां काम कर रही हैं। सूचना को जुटाने के लिए मिलकर काम करना जारी रखने की आवश्यकता है। भारतीय नौसेना राष्ट्रीय समुद्री डोमेन जागरूकता या एनएमडीए परियोजना पर काम कर रही है। नौसेना प्रमुख ने कहा, 'अफगानिस्तान, इराक, सीरिया, लेबनान, सोमालिया, सूडान, यूक्रेन, रूस और अब हमास-इस्राइल को देखें। युद्ध करने का तरीका बदल रहा है। भविष्य की चुनौतियों से सहयोग करके ही निपटा जा सकता है। हम सभी के लिए समृद्धि, सुरक्षा और विकास तभी हासिल कर सकते हैं जब हम सहयोग करें।'

## हिंसा भड़काने वाले वीडियो-तस्वीरों को फैलाने वाले पर होगी कड़ी कार्रवाई, राज्य सरकार ने दिया आदेश

इंफाल। मणिपुर में पांच महीने से अधिक समय से हिंसा जारी है। इस बीच, हिंसाओं से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। पहले महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराए जाने फिर दो मैतेई युवकों को गोली मारने की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। अब राज्य सरकार ने हिंसा को भड़काने वाली वीडियो को लेकर सख्ती की है। उन्होंने राज्य में हिंसा और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वाले वीडियो को वायरल होने से रोकने के लिए आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी वीडियो को जो भी बढ़ावा देगा उस पर मामला दर्ज किया जाएगा। बता दें, यह आदेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर लगातार वीडियो और तस्वीरों के वायरल होने के बाद आया है। हाल ही में, दो मैतेई युवकों को गोली मारकर फिर कुकी भाषा बोलने वाले लोगों के एक समूह द्वारा उन्हें गड्ढे में दफनाने का वीडियो सामने आया था। हालांकि, अभी तक घटनास्थल और दफनाने की जगह का पता नहीं चल पाया है।

### आतंकी आरिज खान की मौत की आजीवन कारावास में बदली, दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

नई दिल्ली। बाटला हाउस मुठभेड़ कांड में साकेत कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए गए आतंकी आरिज खान की मौत की सजा को लेकर आज दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। दिल्ली हाई कोर्ट ने आरिज खान को दी गई मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया। दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा की हत्या के लिए ट्रायल कोर्ट ने खान को मौत की सजा सुनाई थी। 13 सितंबर 2008 को दिल्ली में सीरियल बम धमाके हुए थे। ब्लास्ट में 26 लोग मारे गए थे, जबकि 133 घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस ने जांच में पाया था कि बम ब्लास्ट को आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिद्दीन ने अंजाम दिया था। मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस को 19 सितंबर को सूचना मिली कि इंडियन मुजाहिद्दीन के आतंकी जामिया नगर के बाटला हाउस में मौजूद हैं। दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा के नेतृत्व में टीम जब आतंकवादियों के ठिकाने पर पहुंची तो पुलिस टीम के ऊपर फायरिंग की गई। आतंकियों की ओर से चली गोली इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा को गोली लगी और वे शहीद हो गए थे। मुठभेड़ में दो आतंकवादी भी मारे गए। अन्य आतंकवादी आरिज खान उर्फ जुनैद और शहजाद अहमद उर्फ पप्पू फरार हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था।

## ताइवान हमास-इजराइल युद्ध पर करीब से रख रहा नजर, चीन से मिल रही हैं धमकियां



ताइपे (ताइवान)। गाजा से हमास उग्रवादियों द्वारा इजराइल पर किए गए अभूतपूर्व हमले से भड़के मध्य पूर्व के युद्ध पर ताइवान करीब से नजर रख रहा है, जबकि स्वशासित द्वीप का कहना है कि यह चीन द्वारा डराने-धमकाने का अभियान है। हमास ने पिछले सप्ताहांत इजराइल में आश्चर्यजनक और बड़े पैमाने पर घुसपैठ की, जिसमें इजराइल में सैकड़ों लोग मारे गए और दर्जनों को बंधकों के रूप में गाजा में खींच लिया गया।

**युद्ध में कम से कम 2,400 लोगों की मौत**- जवाबी कार्रवाई में, गाजा में इजरायल के तेजी से बढ़ते विनाशकारी हवाई हमलों ने पूरे शहर को तबाह कर दिया है। इस दौरान संघर्ष में दोनों पक्षों के कम से कम 2,400 लोगों की जान चली गई है और इस संख्या के बढ़ने की भी आशंका है। ताइवान के रक्षा मंत्री चिउ कुओ-चेंग ने गुरुवार को कहा कि हमास-इजराइल युद्ध "अचानक भड़क उठा", जिससे ताइवान को संभावित खतरों की भविष्यवाणी करने की अपनी क्षमता बढ़ानी पड़ी। विधायिका की एक बैठक से पहले उन्होंने कहा, हमने अध्ययन करने और...खुफिया जानकारी एकत्र करने के महत्व को सुदृढ़ करने के लिए एक कार्य समूह की स्थापना की है।

**बढ़ रही है तनाव की स्थिति**- चीन, जो ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करता है, ने ताइवान के आसपास हवा और पानी में तेजी से बड़े सैन्य अभ्यास किए हैं क्योंकि चीन, ताइवान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच तनाव बढ़ गया है।

अमेरिका ताइवान का मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता है और बलपूर्वक ताइवान की स्थिति को बदलने के किसी भी प्रयास का विरोध करता है। इजराइल की तरह, ताइवान अमेरिका के साथ घनिष्ठ राजनयिक और सैन्य संबंध रखता है और उसने चीन की इस मांग को खारिज कर दिया है कि वह कम्युनिस्ट पार्टी के शासन को स्वीकार करता है, जिसके नेता शी जिनपिंग ने अपने शासन को अनिश्चित काल तक बढ़ा दिया है और स्वतंत्र भाषण और मानवाधिकारों की वकालत करने वालों पर कठोर कार्रवाई की है।

### 'इस्राइल तो सिर्फ शुरुआत, पूरी दुनिया में हमारा कानून लागू होगा', हमास के कमांडर का चौंकाने वाला दावा

येरूशलम। इस्राइल पर हमले के बाद हमास कमांडर महमूद अल जहर ने एक मिनट से अधिक का वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में उन्होंने पूरी दुनिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने का दावा किया है। उनकी ये चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब हमास ने इस्राइल पर रॉकेट हमलों के बाद सैकड़ों इस्राइली नागरिकों को बंधक बना लिया है। हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइल पर हवाई हमले किए, जिसमें अबतक 1200 इस्राइली नागरिकों की मौत हो गई तो वहीं हजारों की संख्या में घायल हो गए हैं। इस हमले के बाद हमास के कमांडर महमूद अल जहर ने वीडियो जारी कर पूरी दुनिया को चेतावनी दी है। हमास कमांडर ने वीडियो में कहा, 'इस्राइल केवल पहला लक्ष्य है। पूरी दुनिया हमारे कानून के अंदर होगी। 510 मिलियन वर्ग किलोमीटर वाली पूरी दुनिया एक ऐसे व्यवस्था के अंतर्गत आएगी, जहां कोई अन्याय नहीं होगा, न कोई जुल्म होगा और न ही कोई अपराध होगा, जैसा कि सभी अरब देशों, लेबनान और सीरीया में फलस्तीनियों के साथ किया जा रहा है।'

## बिहार ट्रेन हादसे पर भी गरमाई सियासत, सम्राट बोले- दुर्घटना पर भी नीतीश को सूझ रही राजनीति



पटना। बिहार के बक्सर और आरा के बीच रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर दिल्ली से गुवाहाटी जाने वाली नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के हादसे में चार लोगों की मौत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शोक संवेदना प्रकट की है। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश को घेरा। कहा कि रेल दुर्घटना पर भी मुख्यमंत्री को राजनीति सूझ रही। सम्राट चौधरी ने कहा कि दुर्घटना के बाद ही रेलवे ने तत्काल राहत और बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी हादसा दुखदाई होता है, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस हादसे पर भी राजनीति सूझ रही है। भाजपा नेता ने कहा कि घटना के 12 घंटे के बाद नीतीश कुमार ने इस हादसे को लेकर संवेदनाएं व्यक्त कीं, जो उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है और अब वे नसीहत दे रहे। सम्राट चौधरी ने कहा कि रेलवे ने तत्काल हादसे में मरने वाले आश्रितों को 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को दो -दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए। इसके साथ ही घटनास्थल पर फंसे यात्रियों को विशेष ट्रेन की व्यवस्था कर रात में ही गंतव्य की ओर रवाना किया। भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य के लिए पहुंचे भाजपा कार्यकताओं और ग्रामीणों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद भाजपा के कार्यकर्ता और ग्रामीण सबसे पहले पहुंचे और राहत शुरू की। इसके बाद पुलिस और जिला प्रशासन पहुंचा। एसडीआरएफ तो काफी विलंब से पहुंचा। सीएम नीतीश कुमार ने रेल हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवार के लिए चार-चार लाख और सभी घायलों को 50-50 हजार रुपये राहत राशि देने का ऐलान किया है। रेल हादसे को लेकर गुरुवार को नीतीश ने कहा कि जैसे ही हमें दुर्घटना के बारे में पता चला, लोग काम में लग गए। चार लोगों की मौत हो गई है। हम हर किसी की मदद करने जा रहे हैं। इन दिनों रेल हादसे क्यों बढ़ रहे हैं? जब नीतीश कुमार से यह सवाल पूछा गया तो उन्होंने केंद्र सरकार को सवालों के घेरे में ले लिया। नीतीश ने कहा कि ध्यान देना चाहिए, उन लोगों का काम है।

### आधी रात 10 रॉकेट हमले और हमास की सबसे खतरनाक फोर्स 'नुखबा एलाइट' हुई नेस्तनाबूद

यरुशलम। इजरायल और फलस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच अब आर पार की लड़ाई शुरू हो गई है। हमास जहां इजरायल के लोगों को बंधक बनाकर धमकी देने के साथ मिसाइल हमले कर रहा है, तो वहीं इजरायल ने हमास के खात्मे की कसम खाई है। इस बीच इजरायल ने बीती रात जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी में हमास को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।



लगातार कई रॉकेट हमले करते हुए इजरायल की वायुसेना ने हमास की सबसे खतरनाक फोर्स नुखबा एलाइट को नेस्तनाबूद कर दिया। इजरायली वायुसेना ने इसके कई वीडियो भी जारी किए हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि रातोंरात इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में लगातार कई रॉकेट दागे जिससे कई बहुमंजिला इमारतें जमींदोज हो गईं। वीडियो में कई मिसाइलें गाजा पट्टी के इलाकों में गिरती हैं और चारों और मिट्टी का गुब्बार उड़ता है। इजरायल ने इस क्षेत्र को हमास का ऑपरेशनल कमांड सेंटर बताया है। इजरायल का कहना है कि यहीं से नुखबा एलाइट फोर्स उसपर हमले कर रहा था। इसके अलावा, इजरायली वायुसेना के विमानों ने हमास के एक बड़े आतंकी मुहम्मद अबू शामला पर हमला किया। अबू शामला के आवास का उपयोग हमलों के लिए किया जाता था और यहीं गोला बारूद रखे जाते थे।

## रोजगार के लिए प्रदेश छोड़ रहे लोग, भाजपा लूट में व्यस्त, प्रियंका का बीजेपी पर निशाना



मंडला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा आज मध्यप्रदेश के दौरे पर हैं। उन्होंने आज यहां मंडला जिले में जन आक्रोश रैली को संबोधित किया। सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि हम चाहते हैं कि देश की, राज्य की, आपके जिले की संपत्ति आपके हाथ में हो। यही कांग्रेस पार्टी की परंपरा और सिद्धांत रहा है। रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने लोगों को याद कराया कि इंदिरा गांधी जी ने ही उनको पट्टे दिलवाए थे। उन्होंने कहा ये पट्टे इस भावना से दिलवाए थे कि ये आपकी जमीन है, आपका सम्मान है। आपके लिए वन अधिकार कानून लाया गया, ताकि वन पर सबसे पहला अधिकार आपका रहे। यही आपकी और मनुष्यता की मूल संस्कृति रही है। जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजापा पर लूट के आरोप लगाते हुए कहा कि लोग रोजगार के लिए राज्य छोड़ रहे हैं और वो यहां आपके लिए रोजगार के अवसर पैदा नहीं कर रहे हैं। भाजपा 18 साल से सत्ता में है, लेकिन रोजगार के अवसर नहीं मिले हैं। वे केवल लूट में व्यस्त हैं, और हर जगह घोटाले हैं। वे चुनाव के समय अप्रासंगिक विषयों को लाते हैं जो लोगों के लिए भावनात्मक हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आपको जो भी अधिकार दिए थे और आपको सशक्त बनाने के लिए जो भी काम किए थे, बीजेपी के सत्ता में आने पर वो सब आपसे छीन लिए गए। मनरेगा लागू नहीं किया गया। गांवों में रोजगार के अवसर नहीं होने के कारण पलायन बढ़ गया है। आपकी जमीन छीनी जा रही है। आपको अपनी उपज का सही दाम नहीं दिया जाता है। जब आप आंदोलन करते हैं तो आप पर गोलियां चलाई जाती हैं।

## यमुना नदी में डूबे पांच बच्चे, एक की बची जान, दूसरे का निकाला गया शव, तीन की तलाश जारी

शामली। यूपी से लगती हरियाणा सीमा के थाना सनौली के गांव तामसाबाद में बृहस्पतिवार को नहाते समय पांच बच्चे यमुना के कुंड में डूब गए। एक को तो मौके से ही ग्रामीणों ने सकुशल निकाल लिया। लेकिन करीब तीन घंटे बाद एक का शव निकाला गया। वहीं, तीन की तलाश में गोताखोरों की टीम जुटी हुई है। मगर सफलता नहीं मिल सकी है। यूपी के गोताखारों से भी सहयोग मांगा गया है।



पानीपत के सनौली थाना क्षेत्र के गांव जालपाड़ से क्षेत्र के गांव तामशाबाद की मस्जिद में जमात आई हुई थी। जमात में कुछ बच्चे भी थे। बृहस्पतिवार सुबह नमाज पढ़ने के बाद पांचों जमाती बच्चे यमुना में नहाने के लिए उतर गए। इस दौरान यूपी के नगला राई और पानीपत के तामसाबाद के बीच रेत खनन माफिया द्वारा बनाए गए गहरे कुंड में पांचों डूब गए। शोर शराबा होने पर एक को तो ग्रामीणों ने किसी तरह सकुशल निकाल लिया। लेकिन समीर, सैफ अली, वादिल, अमीर का कोई पता नहीं लग पा रहा था। वहीं, करीब तीन घंटे बाद समीर के शव को बाहर निकाला गया, जबकि तीनों अन्य की तलाश जारी है। थाना सनौली के एसएचओ ने बताया कि यमुना में डूबे सभी चारों जमातियों की उम्र 16 और 18 साल के बीच है। शमी निवासी जालपाड़ का शव यमुना से बाहर निकाल लिया गया है। बाकी को निकालने के लिए प्रयास जारी है। अन्य की तलाश के लिए यूपी से भी गोताखारों को भेजा जा रहा है।

## एक साथ चुनाव कराने पर सहमति न बने तो लोगों पर नहीं थोपें, कुरैशी ने अरुण जेटली पर भी साधा निशाना



नई दिल्ली। एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावनाएं तलाशे जाने के बीच पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी ने कहा कि अगर एक साथ चुनाव कराने पर राष्ट्रीय स्तर पर सर्वसम्मति नहीं बनती है तो इसे लोगों पर थोपा नहीं जाना चाहिए। कुरैशी ने यह भी उम्मीद जताई कि वर्तमान चुनाव आयुक्त आगामी चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करेंगे। अपनी नई पुस्तक इंडियाज एक्सपेरिमेंट विद डेमोक्रेसीः द लाइफ ऑफ ए नेशन थ्रू इट्स इलेक्शन्स पर कुरैशी ने कहा कि कोई पार्टियों द्वारा मुफ्त की सौगातों का वादा करने में कानूनी तौर पर खामी नहीं तलाश सकता। साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भी इस प्रथा को खत्म नहीं करा सका। बताया जा रहा है कि कुरैशी की किताब भारत में चुनावों के इतिहास, प्रक्रियाओं और राजनीति पर गहराई से प्रकाश डालती है। उन्होंने राजनीतिक फंडिंग के साधन के रूप में चुनावी बांड के इस्तेमाल किए जाने पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इसने धन देने की पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह गैर पारदर्शी बना दिया है। कुरैशी ने कहा, साल 2017 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अपने पहले भाषण में कहा था कि जब तक दलों को धन देने की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी, तब तक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं। यह बिल्कुल सही बात है। हम भी यही कहते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेटली की एक और बात सही थी कि पिछले 70वर्षों में पार्टियों को धन देने में पारदर्शिता नहीं ला पाए। जुलाई 2010 से जून 2012 तक देश के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे कुरैशी ने कहा, ह्यमैंने सोचा था जेटली आगे यह कहेंगे की हम पारदर्शिता लागू करने जा रहे, लेकिन उन्होंने चुनावी बांड पेश करके थोड़ी बहुत बची पारदर्शिता भी खत्म कर दी।

### नॉर्थ ईस्ट ट्रेन हादसे के चारों मृतकों के परिजनों को 14-14 लाख दिए, घायलों को भी राहत

पटना। बिहार के बक्सर में हुए रेल हादसे में मारे गए और घायल लोगों को रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि दे दी गई। मरने वाले के परिवार को 10-10 लाख रुपये वहीं घायलों के परिवार को 50-50 हजार रुपये दिया गया। इतना ही नहीं बिहार सरकार ने भी एलान किया है कि रेल हादसे के मारे गए लोगों को 4-4 लाख रुपये का अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। रेलवे की ओर से जारी पत्र के माध्यम से कहा गया कि दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेशन के निकट दिनांक 11 अक्टूबर की रात 09.53 बजे आनंद विहार टर्मिनस से कामाख्या जा रही गाडी संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें ट्रेन के 23 कोच पटरी से उतर गए। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में चार यात्रियों की मौत हो गई। 05 यात्रियों गंभीर रूप से घायल हुए हैं और 25 यात्री साधारण रूप से घायल हुए। रेल प्रशासन द्वारा इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मृत यात्रियों के परिजनों को 10-10 लाख रूपए की अनुग्रह राशि दे दी गयी है। साथ ही दुर्घटना में घायल यात्रियों को 50-50 हजार रूपए अनुग्रह राशि के रूप में दी गयी। सभी यात्रियों को घटनास्थल से गंतव्य तक की यात्रा के लिए विशेष प्रबंध के तहत रघुनाथपुर से एक स्पेशल ट्रेन खोला गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी रेल हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अनुग्रह राशि देने का एलान किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन से गुवाहाटी के कामाख्या स्टेशन जाने वाली नॉर्थ-ईस्ट एक्सप्रेस के बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास हुई दुर्घटना में 04 लोगों की मृत्यु को अत्यंत दुखद बताया है। मुख्यमंत्री इस दुखद घटना से मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## संपादकीय

# अपराध पर लगाम लगाने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरतने की जरूरत

हरियाणा के पानीपत में पिछले महीने सामूहिक बलात्कार की घटना और अब उसके दो आरोपियों के जहर खा लेने तथा उनमें से एक की मौत के मामले ने एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली को उजागर किया है। यह सही है कि उस वारदात के बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक अभियान चलाया और उनमें से कई को पकड़ भी लिया। यह पुलिस की तत्परता का उदाहरण है, पर सवाल है कि आखिर किन वजहों से अपराधियों को एक गरीब परिवार को बंधक बना कर सबके सामने तीन महिलाओं का सामूहिक बलात्कार करते हुए कोई खौफ नहीं हुआ। यही नहीं, उन अपराधियों ने सामूहिक बलात्कार की घटना को अंजाम देने से थोड़ी देर पहले एक अन्य परिवार से भी मारपीट की थी, उनके सामान लूट लिए और एक महिला की हत्या कर दी थी। यानी एक ही दिन में अगर कोई गिरोह अलग-अलग जगहों पर इस तरह बेखौफ होकर अपराध करता गया, तो इसका मतलब यही निकलता है कि उसे पुलिस और कानूनी कार्रवाई की कोई चिंता नहीं थी। विडंबना यह है कि जब अपराधी बेलगाम होकर अपनी मनमानी कर रहे होते हैं, तब ऐसा लग रहा होता है कि उनके सामने कोई प्रशासनिक बाधा नहीं है। हालांकि अमूमन सभी सरकारों को यह दावा करते देखा जा सकता है कि वे अपराध पर लगाम लगाने के लिए हर स्तर पर सख्ती बरतेंगी, ताकि आपराधिक तत्त्वों के भीतर खौफ पैदा हो और जनता को उनसे मुक्ति मिले। खासकर महिलाओं को सुरक्षित माहौल मुहैया कराने को लेकर आए दिन बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं। मगर जमीन पर स्थिति यही होती है कि सरकार और पुलिस की नींद तभी खुलती है, जब कोई बड़ी घटना सुर्खियों में आती और मामला तूल पकड़ लेता है। उसके बाद प्रशासन और पुलिस की ओर से कई बार ऐसी सक्रियता दिखाई जाती है, जो अगर आम दिनों में भी कायम रहे तो अपराधियों और अपराध पर काबू पाना इतना मुश्किल न हो। सच यह है कि देश के ज्यादातर हिस्सों में सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली की वजह से ही आपराधिक तत्त्वों के भीतर यह दुस्साहस पैदा होता है कि वे किसी परिवार को बंधक बना कर सबके सामने महिलाओं से सामूहिक बलात्कार जैसी घटना को अंजाम दें। पानीपत की घटना के बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ने के लिए जिस स्तर का अभियान चलाया, वह निश्चित रूप से मामले को हल करने की दिशा में ठोस कार्रवाई थी। मगर इसी क्रम में यह भी तथ्य है कि पकड़े जाने के डर से जहर खाने के चलते एक आरोपी की मौत हुई। यह खौफ उसके भीतर अपराध करने से पहले होना चाहिए था, जो कानून व्यवस्था और पुलिस की चौकसी से ही संभव है। यह माना जा सकता है कि अपराधियों के मन में क्या चल रहा है, यह पक्का पता करना हर बार संभव नहीं है। पर आशंकाओं के मद्देनजर उन्हें पकड़ कर कानून के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश जरूर की जा सकती है। इस घटना में पुलिस को अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली, मगर इसके साथ ही जरूरत इस बात की है कि कानून व्यवस्था को लागू करने के मामले में सक्रियता का स्तर यह हो कि किसी वारदात के बाद अपराधियों के पकड़ने से पहले ही अपराध होने की स्थितियों पर लगाम लगाई जाए। तभी सामूहिक बलात्कार और हत्या जैसी घटनाओं और अपराधियों की मनमानी से महिलाओं को बचाया जा सकेगा।

## सकुशल है लाना!



ऑपरेशन शुरू हुआ ।
मदद को तैयार ।।
हो सुरक्षित वापसी ।
मंथन और विचार ।।
कीमती हर नागरिक ।
सकुशल है लाना ।।
करना मिशन पूरा ।
है हमने ये ठाना ।।
हो चाहे अब कुछ भी ।
कदमताल मिलाना ।।
आया है फिर मौका ।
कर के है बताना ।।
दूर देश में कर रहे ।
अपने इंतजार ।।
लेकर आना जल्द है ।
है यही उपहार? ।।

–कृष्णोन्द्र राय

# भारत की सफल कूटनीति की वजह से बैकफुट पर चला गया है कनाडा

**योगेंद्र योगी**



अमरीका के राजदूत एरिक गासेर्टी के कनाडा को लेकर भारत-अमरीका संबंध बिगड़ने के बारे में किसी तरह का बयान देने से इंकार करने से यह साबित हो गया है कि इस मुद्दे पर दोनों द्विपक्षीय देशों के रिश्तों में कोई असर नहीं पड़ेगा। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पश्चिमी मुल्क इस मुद्दे पर भारत के साथ संबंध बिगाड़ने पर सहमत नहीं हैं। इस पूरे घटनाचक्र के बाद कनाडा पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गया है। यही वजह रही कि विदेश मंत्री एस जयशंकर के अमेरिका से लौटते ही केंद्र सरकार ने कनाडा के 41 राजनायिकों को देश छोड़ने के लिए कह दिया। अब कनाडा गिड़गिड़ाने की हालत में है। कनाडा ने कहा है कि इस मुद्दे पर निजी तौर पर बातचीत की जा सकती है। भारत के इस निर्णय ने कनाडा को आखिरी छोर पर धकेल दिया। भारत ने यह साबित कर दिया कि विश्व का कोई भी देश भारत पर हावी नहीं हो सकता। इस मामले में भारत की कूटनीति कामयाब रही।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में संयुक्त राष्ट्रसभा और एक कार्यक्रम में दो टूक बता दिया था कि कनाडा की हरकतों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूसरे रूप में भारत के अंदरूनी मामलों में दखलंदाजी करने के खिलाफ कार्रवाई करने का यह संदेश विश्व के दूसरे देशों को दिया गया। विशेषकर फाइव आई में शामिल देशों को आगाह कर दिया गया कि भारत के खिलाफ कोई बयान या कार्रवाई की परवाह नहीं है। भारत ऐसी हरकतों से अच्छी तरह से निपटना जानता है। गौरतलब है कि फाइव आई में कनाडा भी शामिल है। ये देश एक-दूसरे को इंटेलीजेंस पर आधारित सूचनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका में बहुत नपा-तुला बयान देकर सारे पक्षों को साधने का काम किया। जयशंकर ने एक तरफ जहां अमेरिका से भारत के मजबूत होते रिश्तों की गहराई का जिक्र किया वहीं कनाडा को बेनकाब करने में कसर नहीं छोड़ी। जयशंकर ने कहा कि जी20 की सफलता अमेरिका के सहयोग के बिना संभव नहीं हो सकती थी। भारत ने सबसे शानदार जी20 सम्मेलन आयोजित किया और उन लोगों को गलत साबित कर दिया, जिन्होंने कहा था कि हम 20 देशों को एक साथ नहीं ला पाएंगे। जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के संबंध अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उन्हें एक अलग स्तर तक लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपसे वादा कर सकता हूं कि ये संबंध चंद्रयान की तरह चंद्रमा तक, शायद उससे भी आगे तक जाएंगे। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संबोधन की रोशनी में विश्व को बता दिया कि इस नए दौर में भारत कितनी ऊंचाइयों तक पहुंच चुका है। भारत की तरक्की को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्री ने कहा कि आज का भारत पहले के भारत से अलग है। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहना चाहता हूं कि मैं जिसकी बात कर रहा हूं, वह वास्तव में एक अलग भारत है। जैसा कि आपने दूसरों से सुना है। मसलन कनाडा जैसे देश यदि भारत को हल्के में लेंगे तो मुंह की खाएंगे। विदेश मंत्री के संदेश में यह भाव जाहिर हो गया कि विश्व के अन्य देश भारत की इस तरक्की में भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं तो ठीक है, यदि कोई बाधा पहुंचाने की कोशिश करेगा तो उसकी हालत कनाडा जैसी होगी। इस मौके पर जयशंकर भारत की उपलब्धियों का बखान करने से भी नहीं चूके ताकि बदलती दुनिया में भारत का स्थान शीर्ष पर सुनिश्चित किया जा सके। एस जयशंकर ने कहा कि यह वह भारत है, जो चंद्रयान-3 मिशन को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने दिखाया कि वह न केवल अपने लोगों की देखभाल कर सकता है, बल्कि दुनियाभर के सैंकड़ों देशों की ओर मदद का हाथ भी बढ़ा सकता है। आज भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। अगर भारत के कदमों में आज ऊर्जा है, अगर उसकी आवाज में आत्मविश्वास है, तो इसके कई कारण हैं। यह 10 साल की कड़ी मेहनत का नतीजा है... ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां हमारी क्षमताएं दोगुनी या तिगुनी हो गई हैं। वैश्विक मंच से जयशंकर ने कनाडा की बखिया उधेड़ने में भी कसर बाकी नहीं रखी। न्यूयॉर्क के कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा कि भारत ने कनाडा से कह दिया है कि ऐसा काम करना सरकार की नीति नहीं है। अगर आपके पास कुछ विशिष्ट या कुछ प्रासंगिक है तो हमें बताएं। जयशंकर ने कहा कि जहां तक अलगाववादी गतिविधि का सवाल है तो कनाडा में माहौल बहुत अनुकूल है। जयशंकर ने कहा कि हम बार-बार कनाडा से खालिस्तान समर्थकों पर कार्रवाई के लिए कहते रहे हैं। हमने कनाडा की जमीन से संगठित अपराध किए जाने से जुड़ी काफी जानकारियां भी दी थीं। भारत सरकार ने कई लोगों के प्रत्यर्पण की अपील भी कनाडा से की थी। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हमारी चिंता ये है कि कनाडा में राजनीतिक कारणों से अलगाववादी गतिविधियों के लिए माहौल बहुत माकूल रहा है। भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी गईं और वाणिज्य दूतावास पर हमला किया गया। कनाडा की लाचार हालत से यह जाहिर हो चुका है कि पश्चिमी सहित अन्य देश तभी तक किसी का साथ दे सकते हैं, जब तक उनके स्वार्थ सधते रहें। यही वजह है कि जिन देशों के दम पर कनाडा भारत को चुनौती देने का दंभ भर रहा था, मौजूदा दौर में भारत की जरूरत के मद्देनजर इन देशों ने ही कनाडा को दूध से मक्खी की तरह निकाल फेंका।

# ल्यूकोरिया (श्वेत प्रदर)



ल्यूकोरिया रोग के कई नाम हैं। कई लोग ल्यूकोरिया को सफेद पानी की समस्या कहते हैं तो कुछ श्वेत प्रदर रोग कहते हैं। यह महिलाओं और युवतियों में होने वाली एक आम बीमारी है। ल्यूकोरिया में योनि के रास्ते सफेद और गाढ़ा चिपचिपा पानी का स्त्राव होता है। ल्यूकोरिया के कारण महिलाओं को योनि मार्ग में खुजली होती है, कमर में दर्द आदि जैसी शिकायतें होती हैं। अगर आप भी इस बीमारी से ग्रस्त हैं, और ल्यूकोरिया का इलाज भी करा रही हैं तो सबसे पहले आपको अपने खान-पान को बदलना होगा, क्योंकि सही खान-पान से रोगों का इलाज करने में आसानी होती है।

ल्यूकोरिया के मरीजों के लिए इस डाइट प्लान को अपनाकर आप ना सिर्फ बीमारी पर नियंत्रण पा सकेंगे, बल्कि ल्यूकोरिया का सफल इलाज करने में भी कामयाबी पा सकेंगी।

ल्यूकोरिया रोग में क्या खाएं

ल्यूकोरिया का इलाज करने के लिए आपका आहार ऐसा होना चाहिएः-

अनाजः पुराना शाली चावल दलिया, बाजरा, यवागु (पतली खिचड़ी ) जौ।

दालः मूंग, मसूर, काबुली चना।

फल एवं सब्जियांः परवल, बथुआ, चौलाई, पालक, लौकी, पपीता, सेब, अनार, अंगूर, केला, पका हुआ आम, छुहारा, अदरक, हरा धनिया, मौसमी सब्जियां।

अन्यः हल्का भोजन, गाय का दूध, बकरी का दूध, भैंस का ताजा दूध, धनिया, अदरक।

ल्यूकोरिया की बीमारी में क्या ना खाएं

अनाजः नया चावल, मैदा

दालः काला चना

फल एवं सब्जियांः प्याज, बैंगन

अन्यः मदिरा, अचार, सिरका, फास्टफूड, खट्टी चीजेंझ दही, देर से पचने वाला आहार, पित्त आहार, लहसुन, पेट को फुलाने वाला




भोजन, जलन उत्पन करने वाला भोजन, खट्टे पदार्थ, एसिडिटी बढ़ाने वाले भोजन.

सफेद पानी की समस्या के दौरान सुबह उठकर दांतों को साफ करने (बिना कुल्ला किये) से पहले खाली पेट 1-2 गिलास गुनगुना पानी पिएं।

ल्यूकोरिया रोग के इलाज लिए आपकी जीवनशैली

ल्यूकोरिया का उपचार करने के दौरान आपकी जीवनशैली ऐसी होनी चाहिएः-

हर 4-6 घण्टे में पैड बदलते रहें।

स्टरलाइज पैड्स का इस्तेमाल करें।

शरीर को साफ रखें। योनिमार्ग को अच्छी प्रकार से पानी से साफ करें।

अंडरगार्मेंट (अंतवस्त्र) सूती कपड़ों को पहनें। दिन में दो बार इन्हें बदलें।

गर्भपात के लिए अधिक दवाइयों का सेवन ना करें।

मासिक धर्म के समय साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

पहले वाले भोजन पचने के बाद ही दूसरी बार भोजन करें।

मूत्र और शौच को ना रोंके।

ल्यूकोरिया की बीमारी में ध्यान रखने वाली बातें

ल्यूकोरिया के इलाज के दौरान आपको इन बातों का ध्यान रखना जरूरी हैः-

(1) ध्यान एवं योग का अभ्यास रोज करें।

(2) ताजा एवं हल्का गर्म भोजन अवश्य करें।

(3) भोजन धीरे-धीरे शांत स्थान में शांतिपूर्वक, सकारात्मक एवं खुश मन से करें।

(4) तीन से चार बार भोजन अवश्य करें।

(5) किसी भी समय का भोजन नहीं त्यागें एवं अत्यधिक भोजन से परहेज करें।

(6) हफ्ते में एक बार उपवास करें।

(7) अमाशय का 1/3rd / 1/4th भाग रिक्त छोड़ें।

(8) भोजन को अच्छी प्रकार से चबाकर एवं धीरे-धीरे खायें।

(9) भोजन लेने के बाद 3-5 मिनट टहलें।

(10) सूर्यादय से पहले 5:30 - 6:30 सुबह जाग जायें।

(11) रोज दो बार दांतों को साफ करें।

(12) रोज जिव्हा करें।


(13) भोजन लेने के बाद थोड़ा टहलें।

(14) रात में सही समय 9-10 बजे तक नींद लें।

डॉ दिवाकर राय
बी एच एम यस, एम पी यच
पी जी डिप्लोमा इन नुट्रिशन
पी जी डिप्लोमा इन मेन्टल हैल्थ
सर्टिफिकेशन इन टॉक्सक्योंलॉजी
डिप्लोमा इन मेडिकल कॉस्मेटलॉजी.

# सर्वपितृ अमावस्या का महत्व !

प्रति वर्ष श्राद्ध विधि करना यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण आचार धर्म है एवं उसका महत्व अनन्य साधारण है। पुराणकाल से चलती आ रही इस विधि का महत्व हमारे ऋषि मुनियों ने अनेक धर्म ग्रंथो में लिखकर रखा है। इस लेख में सर्वपितृ अमावस्या का महत्व हम जान कर लेंगे। दिनांक के अनुसार इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या 14 अक्टूबर को है।



पितृपक्ष की अमावस्या को सर्वपितृ अमावस्या कहा जाता है। इस तिथि पर कुल के समस्त पितरों के लिए यह श्राद्ध किया जाता है। वर्ष भर अथवा पितृ पक्ष की अन्य तिथियों पर श्राद्ध करना संभव न होने पर सबके लिए यह श्राद्ध करना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि पितृपक्ष की यह अंतिम तिथि है। शास्त्र में बताया है कि श्राद्ध के लिए अमावस्या की तिथि अधिक योग्य तिथि है एवं पितृपक्ष की अमावस्या यह सर्वाधिक योग्य तिथि है।

सर्वपितृ अमावस्या को घर में कम से कम एक ब्राह्मण को भोजन का निमंत्रण दिया जाता है। इस दिन ठाकुर, बुनकर, कुनबी आदि जाति के लोग पितरों के नाम से चावल अथवा आटे का पिंड बनाते हैं एवं अपनी ही जाति के कुछ लोगों को भोजन देते हैं। इस दिन ब्राह्मणों को अन्न सामग्री देने की परंपरा भी प्रचलित है।

शास्त्रों में जिन कृतियों के लिए जो समय निर्धारित कर दिया गया है, उसी कालावधि में वह कृति करना आवश्यक एवं महत्वपूर्ण होता है। इसलिए पितृपक्ष में महालय श्राद्ध करना चाहिए । पितृपक्ष में महालय श्राद्ध करने के विषय में अनेक बातें बताई गई हैं। सांप्रत मृत व्यक्ति की मृत्यु की तिथि को ही पितृपक्ष में एक दिन महालय श्राद्ध किया जाता है। जन्म अथवा मृत्यु के कारण यदि सूतक लगता हो अथवा अन्य किसी अपरिहार्य कारण से उस तिथि को महालय श्राद्ध करना संभव न हो तो सर्वपितृ अमावस्या को करना चाहिए अन्यथा सुविधा के अनुसार कृष्ण पक्ष की अष्टमी, द्वादशी, अमावस्या एवं व्यतिपात योग, इस दिन भी महालय श्राद्ध किया जा सकता है।

यदि सूतक में पितृपक्ष आता है तो यदि मृत व्यक्ति की तिथि सूतक समाप्त होने के बाद आई हो तो पितृपक्ष की विधि की जा सकती है। यदि मृत व्यक्ति की तिथि सूतक वाले दिनों में ही हो तो सर्वपित्रि अमावस्या को विधि की जा सकती है। इसमें केवल मृत व्यक्ति यदि अपने माता-पिता इनमें से कोई है तो उनके श्राद्ध इसी वर्ष नहीं कर सकते। अगले वर्ष कर सकते हैं।

कलियुग में कम अधिक मात्रा में प्रत्येक को ही आध्यात्मिक कष्ट होने के कारण श्राद्ध करने के साथ ही "श्री गुरुदेव दत्त" यह नाम जप भी अधिक से अधिक करना चाहिए।

**संदर्भ** – सनातन संस्था का ग्रंथ "श्राद्ध

## दूध बेचने जा रहे युवक की पटरे से पीट पीटकर हत्या, अक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कोतवाली सदर अंतर्गत फॉक्सगंज आदर्श बाजार के पास गुरुवार की सुबह करीब 9 बजे लबे रोड दिनदहाड़े बाइक सवार सिंघासन यादव उम्र 47 वर्ष की दबंगों ने सड़क पर ही लकड़ी के पटरे से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के पीछे पुराना विवाद बताया जा रहा है। इस घटना के तुरंत बाद मौके पर भीड़ लग गई और सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई, एडिशनल एसपी सिटी ज्ञानेंद्र ने भी इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सुबह जरिए फोन पुलिस को सूचना मिली, उन्होंने बताया कि मृतक सिंघासन यादव पुत्र स्व० नगीना यादव निवासी ग्राम बक्सा थाना करण्डा, गाजीपुर निवासी है जो करण्डा से मोटरसाइकिल पर दूध लेकर गाजीपुर शहर में बेचने हेतु जा रहा था, इसी दौरान फॉक्सगंज फर्नीचर के दुकान के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसे धक्का मार कर गिरा दिया। सड़क पर गिरे सिंहासन के ऊपर बाइक सवार बदमाशों ने लकड़ी के पटरे से ताबड़तोड़ प्रहार करना शुरू कर दिया। सर में लगी गंभीर चोट की वजह से सिंहासन की मौत हो गई। बताया जा रहा है की सिंहासन यादव का गांव के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। एक दिन पहले भी खेत में पाइप से पानी ले जाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके पहले भी दोनों पक्षों में कई बार विवाद हो चुका है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और शव को वही रखकर प्रदर्शन करने लगे। उनकी मांग थी के नामजद हत्यारो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। वहीं सूचना पर सीओ सिटी गौरव कुमार भी पहुंच गए और प्रदर्शनकारियों को किसी तरह समझा बुझाकर शांत कराया । परिजनों ने अपने ही स्वजातीय और ग्राम प्रधान बक्सा, थाना करण्डा मोती यादव, पुत्र रामसरन यादव व उनके दो अन्य सहयोगियों पर पुराने विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाए हैं, परिजनों की निशानदेही पर पुलिस की कार्यवाही जारी है।

## धुआँ



धुआँ लकड़ी का हो या फिर यादों का
आंखों के मुकद्दर में तो दोनों तरफ ही जलना है
इस धुएं सा ही
क्या यादे भी तेरी ओझल हो जाएंगी
शायद हां...
शायद नहीं ....।
और इन यादों में बसी तेरी तस्वीर ...
धुएं के साथ साथ-साथ मिट जाना ही तो है ये जिंदगी ।
धुआँ नजर आता है जलने के बाद
तड़प नजर आती है बिछड़ने के बाद
अफसोस रह जाता है वक्त गुजर जाने के बाद
पर यादें मिट पाती हैं क्या मर जाने के बाद?
शायद हां...
शायद नहीं...।

नसु 'एंजेल' नागपुर ( महाराष्ट्र )

# श्री अग्रसेन जयन्ती पर होगा तीन दिवसीय भव्य आयोजन

## कुलदेवी श्री मां महालक्ष्मी के श्रृंगार एवं पूजन से होगा तीन दिवसीय आयोजन की शुरूआत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अग्रकुल जनक श्री महाराजा अग्रसेन की जयन्ती के अवसर पर श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी तीन दिवसीय (13, 14 व 15 अक्टूबर 2023) भव्य आयोजन कर रहा है जिसके तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिये गुरूवार को मैदागिन स्थित समाज कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर संयोजक हेमन्त अग्रवाल एवं सह-संयोजक अमित अग्रवाल बाबी, प्यारे कृष्ण अग्रवाल सीए व दीपक अग्रवाल लायन्स ने संयुक्त रूप से बताया कि समारोह का शुभारम्भ 13 अक्टूबर दिन शुक्रवार सायं अग्रवाल समाज की कुलदेवी लक्ष्मीकुण्ड, लक्सा स्थित श्री मां महालक्ष्मी जी के भव्य श्रृंगार एवं आरती से होगा। द्वितीय दिवस के आयोजन की जानकारी देते हुए सभापति संतोष अग्रवाल हरेकृष्ण एवं प्रधानमंत्री संतोष अग्रवाल कर्णघंटा ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयन्ती की दूसरी शाम शनिवार को नवरात्रि की पूर्व



संध्या माता भगवती को समर्पित करते हुए डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। गणेश मण्डपम् नाटी इमली में आयोजित डांडिया कार्यक्रम में दो हजार से अधिक अग्रसमाज के प्रतिभागी सम्मलित होगें इस दौरान विविध प्रतियोगिताएं (बेस्ट कपल, बेस्ट किंग एण्ड क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट किड, बेस्ट सोलो डांस व बेस्ट इंटरटेनर) भी होगी जिसकी निर्णायिका मिसेज इंडिया डा.आकांक्षा त्रिवेदी होगी। उन्होने बताया कि आयोजन के तीसरे और अन्तिम दिन रविवार को बांसफाटक स्थित शापुरी माल से अग्रकुल जनक श्री महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी इस दौरान मार्ग में कई स्थान - स्थान पर अग्रबंधु श्री महाराजा अग्रसेन की आरती व पुष्पार्चन करेंगे। शोभायात्रा चौक, नीचीबाग, बुलानाला होते हुए श्री अग्रसेन वाटिका मैदागिन पहुंचेगी जहां श्री महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों द्वारा माल्यापर्ण के बाद शोभायात्रा टाउनहाल मैदागिन स्थित श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज पहुंचेगी। शोभायात्रा में सुसज्जित पालकी पर श्री महाराजा अग्रसेन का तैल्य चित्र विराजमान होगा साथ ही घोड़े, झांकी, बैण्ड आदि शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करेंगे वही शोभायात्रा में सबसे आगे अग्रसमाज का ध्वजावाहक घोड़े पर होगा जिसके बाद श्री महाराजा अग्रसेन रथ पर विराजमान होकर अपने 18 गोत्री वंशजों के पुत्रों के चलेंगे जिसके पीछे श्री अग्रसेन कन्या पी0जी0 कालेज, श्री अग्रसेन कन्या इण्टर कालेज,श्री अग्रसेन महाजनी विद्यालय के छात्र छात्राएं विद्यालय के बैण्ड के साथ एवं समाज के महिला समिति की सदस्याएं शोभायात्रा की शोभा बढ़ायेंगी। श्री अग्रसेन शिशु बिहार के नन्हे मुन्हे बच्चें अग्रकुल समाज की कुलदेवी श्री लक्ष्मी की झांकी के साथ चलेंगे जिसके बाद श्री काशी अग्रवाल समाज, वाराणसी एवं समाज द्वारा संचालित सभी संस्थाओं एवं अग्रसेन सेवी संस्थाओं के सदस्य महाराजा श्री अग्रसेन की सुसज्जित पालकी के साथ चलेंगे साथ ही शोभायात्रा में अग्रवाल समाज द्वारा संचालित सभी स्कूल-कालेजों के छात्र- छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी भी शामिल होंगे।

# अस्सी घाट पर संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उ0 प्र0 एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन हुआ

प्रखर वाराणसी। उत्तर प्रदेश जनजाति संस्कृति संस्थान, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उ0 प्र0) एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारभ माननीय विधायक श्री सौरभ श्रीवास्तव एवम अन्य अतिथियों के द्वावारा किया गया। निदेशक उ0प्र0 लोक एवम जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ श्री अतुल द्विवेदी ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर स्वागत किया। भजन संध्या की प्रथम प्रस्तुति में स्तुति शर्मा एवम सहयोगी कलाकार श्रुति गुप्ता ने पायो जी मैंने राम रतन धन पायो सहित अनेक सुमधुर भजन सुनाए। संगत कलाकारो मे तबला पर श्री चेतन शुक्ला, हरमोनियम पर डॉ पंकज शर्मा, बासुरी पर डॉ शनिश ज्ञावली, परकसन पर श्री संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। द्वितीय प्रस्तुति में डॉ रागिनी सरना ने कई शानदार भजन सुनाए। संगत कलाकारो में हारमोनियम पर पंडित देवाशीष डे, तबला पर श्री कृष्ण कुमार उपाध्याय, सह गायन में जयंतिका डे तथा अक्षत प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कलाकारो का सम्मान पद्म श्री डॉ सरोज चूड़ामणि गोपाल, डॉ गीता सुब्रह्णयम, पद्म श्री डॉ राजेश्वर आचार्य जी ने किया। संचालन सीमा केशरी एवम श्री नागेश शांडिल्य संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री श्याम कुमार केशरी ने किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण मोहन पांडे, श्री अभय श्रीवास्तव एवम दर्शक गण उपास्थित रहे।



# खाद्य एवं सावर्जनिक वितरण प्रणाली (उपभोक्ता मामले विभाग) भारत सरकार द्वारा महंगाई पर रोक लगाते हुए रियायती दर पर चना दाल एवं प्याज की बिक्री वाराणसी में प्रारम्भ

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, (उपभोक्ता मामले विभाग) भारत सरकार द्वारा रियायती दरों पर उपलब्ध कराये गये चना दाल (जिसका नाम-भारत चना दाल है) एवं प्याज का विक्री, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एन.सी.सी.एफ) के माध्यम से वाराणसी के संपूर्ण क्षेत्र में आज से बिक्री प्रारम्भ कर दी गयी है। जिसके तहत वाराणसी के कैण्ट थानान्तर्गत मिन्ट हाउस चौराहे से चला दाल एवं प्याज से लदे 20 पिकअप वाहनों कों एन. सी.सी.एफ के अध्यक्ष (चेयरमैन) विशाल सिंह ने हरी झण्डी दिखाकर विक्री करने हेतु किया रवाना। इस शुभ अवसर पर एन.सी. सी.एफ के निदेशक अजय राय ,एन.सी.सी.एफ के अधिकारीगण,मनीष चड्ढा एवं राजेश कुमार, जनवार्ता दैनिक हिन्दी अखबार के सम्पादक राजकुमार सिंह के अलावा अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। आपको बता दे की इसके पहले भी माह जुलाई एवं अगस्त 2023 में वाराणसी वासियों को रियायती दर पर उक्त संस्था (एन.सी. सी. एफ) के माध्यम से टमाटर बिक्री किया गया था जिससे आम उपभोक्ता लाभान्वित हुए थे






अब भारत चना दाल एवं प्याज सरकार द्वारा रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया है जिसकी बिक्री 12 अक्टूबर 2023 से शुरू हो गया है।

# डायट सारनाथ में योग प्रतियोगिता संपन्न

प्रखर सारनाथ वाराणसी। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान सारनाथ वाराणसी में बृहस्पतिवार को योग प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें जनपद वाराणसी के विभिन्न विकास खण्डों से योग शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर बोलते हुए डायट प्राचार्य उमेश कुमार शुक्ल ने योग एवं आसन की महत्ता के संबंध में तथा विद्यालयों में होने वाले योग प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से चर्चा किए। प्रतियोगिता में आसन, प्राणायाम एवं बंध का प्रदर्शन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में सत्येंद्र कुमार प्राथमिक विद्यालय सीवों, चिरईगांव ने प्रथम स्थान, बिंध्येश्वरी प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर, पिंडरा द्वितीय स्थान तथा नरेंद्र कुमार मौर्य प्राथमिक विद्यालय जाल्हूपुर चिरईगांव तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में संगीता



यादव प्राथमिक विद्यालय लेढ़ूपुर, चिरईगांव प्रथम स्थान कविता बसाक प्राथमिक विद्यालय कोटवां काशी विद्यापीठ द्वितीय स्थान तथा मधु सिंह कंपोजिट विद्यालय कबीर चौरा, नगर क्षेत्र तृतीय स्थान पर चयनित हुईं। प्रतियोगिता का संचालन करते हुए डॉ. हरगोविंद पुरी ने स्वास्थ्य के लिए योग, प्राणायाम एवं बंध को वर्तमान परिवेश के लिए सतत अभ्यास करने पर जोर दिया और कहा कि केवल प्रतियोगिता को ध्यान में रखकर योग एवं आसन न किया जाए बल्कि इसको अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा मान लिया जाए जिससे स्वस्थ एवं नीरोग रह सकें। मनुष्य का स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी है। इस प्रतियोगिता में अरविंद कुमार सिंह, श्रेया, श्रुति अग्रवाल, गुलाब चंद आदि लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति भूषण त्रिपाठी ने सभी विजय प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

# नमामि गंगे गौरव महोत्सव के उपलक्ष में आज दशाश्वमेध घाट पर चला स्वच्छता अभियान व की गई शूटिंग

प्रखर वाराणसी। श्री अनिल कुमार सिंह के अगुवाई एवं कमांडेंट 95 बटालियन श्री अनिल कुमार के दिशा निर्देश में 95 बटालियन केंद्रीय पुलिस बल, सृजन सामाजिक विकास न्यास, नगर निगम, नमामि गंगे के संयुक्त तत्वाधान में दशा सुमेध घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस को मिलीरिया मीडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वच्छता अभियान की शूटिंग की गई कुछ ही दिनों में गायिका अलका याग्निक,जीत प्रमानिक, विश्वजीत घोष कलाकार जीत प्रमाणिक अनन्या कश्यप विश्वजीत घोष म्यूजिक और लिरिक जीत प्रमाणिक के द्वारा फिल्माया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री अभिषेक कुमार सिंह सहायक कमांडेंट 95 बटालियन थे एवं विशिष्ट अतिथि जित प्रमाणिक अनन्या कश्यप विश्वजीत घोष थे तथा गंगा हातिमा अभियान के ब्रांड एंबेसडर एवं सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता किये एवं दशा सुमेध घाट पर उपस्थित सीआरपीएफ के सभी जवानों नगर निगम के सफाई कर्मियों एवं नमामि गंगा के सदस्य गण तथा आम व्यक्ति का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना, इसी उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। 95 बटालियन के निरीक्षक बाल जी यादव,प्रवीण सिंह, संतोष कुमार सिंह, विष्णुकांत



जनमानस को गंगा को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलवाई साथ साथ लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया।स्वच्छ भारत का पूरा करेंगे सपना, अपने कार्यो से साफ रखेंगे देश अपना। भारत विश्व गुरु बनेगा, जब भारत स्वच्छता की ओर बढ़ेगा। हर नागरिक का एक ही सपना, स्वच्छ बने भारत अपना। हर त्रिपाठी भारी संख्या में जवान 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवान,भाजपा महामंत्री सौरभ सिंह पटेल, नमामि गंगे के सदस्य, मंत्री विकास न्यास के आनंद सिंह सौरभ सिंह शिवम् अग्रहरि, नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# अमृत कलश एकत्रित के तहत नगर में निकली भव्य शोभायात्रा



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अमृत कलश एकत्रित के तहत अहरौरा नगर में मुख्य अतिथि मड़िहान के लोकप्रिय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के नेतृत्व में पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी की अगुवाई में नगर पालिका परिषद अहरौरा के कार्यलय से शुभारंभ होकर अहरौरा बाजार के मुख्य मार्गो से होता हुआ पुनः जाकर पालिका कार्यालय पर समाप्त हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी रामदुलार यादव, विनोद सिंह पटेल, सभासद कुमार आनंद, प्रेम केशरी, संतोष सिंह, प्रमोद कुमार, कृष्णकांत तिवारी, उमेश केशरी, पालिका कर्मचारी नीतीश कुमार, बबलू कुमार, संदीप कुमार, मृत्युंजय एवं भारी संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल हुए वहीं सुरक्षा की दृष्टि से चौकी प्रभारी मनोज राय अपने हमराहियो के साथ मौजूद रहे।

# उन्नत प्रजाति के मक्के के उत्पादन की बारीकियों का अवलोकन हेतु प्रतिनिधि मंडल यूएस रवाना

प्रखर पूर्वांचल गीडा, गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एवं यूपीडिए के अध्यक्ष एस के शुक्ल ने उन्नत प्रजाति के मक्के के उत्पादन हेतु बीते दिन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के साथ एमओयू किया था। यह एमओयू किसानो की आय में वृद्धि करेगा तथा एथेनॉल उत्पादन इकाइयों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। एस के शुक्ल ने बताया की इस एमओयू का उद्देश्य सिर्फ केन्द्र सरकर के एथेनॉल उत्पादन महत्वपूर्ण परियोजना में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक से सहयोग देने एवं प्रदेश को एथेनॉल उत्पादन का हब बनाने का पुनीत लक्ष्य है और इसके लिए हम काफी वर्षो से प्रयासरत है। वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की आईजीएल कंपनी एस के शुक्ल के नेतृत्व में स्थानीय किसानो से वार्ता हुयी थी और किसानो ने बड़ी प्रशन्नता से मक्के की खेती हेतु सहमति दिया और पहला उन्नत प्रजाति के मक्के के उत्पादन हेतु उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जनपद का चुनाव किया गया है। एस के शुक्ल के नेतृत्व में किसानो से हुयी वार्ता सफल रही और किसानो ने अपनी स्वेच्छा से सहमति पत्र दिया है और अब कंपनी द्वारा अनुबंधित किसानो को उन्नत प्रजाति के बीज



उपलबध कराया जाएगा। देर रात एस के शुक्ल के नेतृत्व में यूपीडिए का प्रतिनिधि मंडल यूएस रवाना हुआ। इस प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व एस के शुक्ल द्वारा किया जा रहा है। यूएस में एस के शुक्ल एक अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करेगे तथा तथा यूएस,ब्राजील में उत्पादन होने वाले मक्के के बारे में सभी जानकारियां एकत्र करेगे तथा उन्नत प्रजाति के मक्के का उत्पादन भारत में कैसे हो इस पर भी विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगे।

# दखल संगठन की ओर से महिलाओं के अनूठे कार्यक्रम 'मेरी रातें मेरी सड़कें' का हुआ भव्य आयोजन

प्रखर वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वाराणसी कैंट स्टेशन पर देर रात मेरी रातें मेरी सड़कें कार्यक्रम में गीत गाए और नुक्कड़ नाटक के जरिये नारी विमर्श के मुद्दे को उठाया। बतादे कि रेलवे स्टेशन कैंट वाराणसी पर अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दखल संगठन की ओर से महिलाओं के अनूठे कार्यक्रम ' मेरी रातें मेरी सड़कें ' का हुआ आयोजन। बनारस में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम अपने आप में अनूठे किस्म का है। देर रात बनारस की प्रबुद्ध सामाजिक राजनैतिक सचेत और जागरूक लड़कियाँ और महिलाएं किसी सार्वजनिक स्थान पर जुटती हैं। गीत कविता नुक्कड़ नाटक आदि के जरिये नारी विमर्श के मुद्दे उठाती हैं। इस साल यह आयोजन दखल संगठन ने रेलवे स्टेशन कैंट पर आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए काशी विद्यापीठ छात्रा और संगठन से जुडी शिवांगी ने बताया की आजादी मिले हुए 75 साल हो गए। वोट डालने का अधिकार मिला। पढ़ने लिखने, काम करने कमाने का अधिकार मिला। संपत्ति में कानूनी हक मिला। अपने मर्जी का जीवन साथी चुनने का अधिकार मिला। आधा अधूरा ही सही लेकिन सबसे बड़ी पंचायत ' संसद ' में हम महिलाओ के लिए आरक्षण की भी बात हो रही है। लेकिन इन कानूनी कछुवाचालों के बीच समाज का अपना एक जड़ ढाँचा है। जो सभी अधिकारों पर कुंडली मारकर बैठ जाता है। बाते सिर्फ किताबी रह जाती है। इस दकियानूसी ढांचे में पुरुषों के लिए एक चौबीस घंटा पूरा दिन और रात मिलाकर बनता है। लेकिन हम स्त्रियों के लिए हॉस्टल के गेट हो , माता पिता का घर हो , ससुराल हो या अकेले रहने वाली लड़की का पेइंग गेस्ट हाउस ही क्यों न हो , सभी लड़कियों के लिए रात का मतलब होता है किसी सुरक्षित जगह पर आ जाना। ये एक अनकहा कानून है। इसे हर लड़की को मानना होता है। रात को पुरुष जो हैं वो कंट्रोल में नहीं रह पाते। तो जो




कंट्रोल में नहीं रहता उसके लिए सुरक्षित जगह बनाई जानी चाहिए। लोहे की जंजीर हथकड़ी आदि होनी चाहिए। उन्हें न बांधकर उल्टे हम लड़कियों को ही सदियों से घर के अंदर रात को सुरक्षित हो , बताया जाता है। जो की गलत है और हमे स्वीकार नहीं है। हम बनारस की सड़को पर , गंगा घाट पर गीत संगीत कविता कहानीयों के साथ अपने हक की , हिस्से की सड़क मांगने के लिए जुटते हैं। आज इन्ही बातो को सोचते समझते हुए हम रेलवे स्टेशन पर जुटे हैं। हम चाहते हैं की बनारस में हो रही ये बात देश विदेश से आने जाने वाले मेहमान भी सुने देखें और बराबरी के लिए किये जाने वाले इस कोशिश में सब जुड़ें। कल के कार्यक्रम में विद्यापीठ और बीएचयू की छात्राओं द्वारा महिला हिंसा के मुद्दे को उठाते हुए एक नुक्कड़ नाटक का भावपूर्ण प्रदर्शन में दिखाया कि किस तरह घर में और सड़क पर लड़किया महिलाएं असुरक्षित हैं ।गीत गाए और कविता पाठ किया। शालिनी के अगुवाई में विद्यापीठ और बीएचयू के छात्राओ ने पिक्चर थियेटर के माध्यम से महिला हिंसा को समाप्त करने में व्यक्ति और समाज बदलाव ला सकते हैं सवाल उठाया। प्रख्यात आंदोलनकारी सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर भी महिलाओं के इस अनूठे कार्यक्रम में जुड़ी। उन्होंने कमला भसीन जी का गीत सुना के नारीवादी विमर्श के विषय पर अपनी बात रखी बिना महिलाओं के हर लड़ाई और बदलाव अधूरा है और बनारस में आयोजित*मेरी रातें मेरी सड़कें* कार्यक्रम और दखल संगठन को ढेरों बधाईयां दी। सभा के दौरान बीएचयू में समाजशास्त्र शिक्षिका डॉ प्रतिमा गोंड ने कहा कि भारत की स्त्री के हृदय में महासागर जैसा धीरज है। उसने खुद के साथ हुई बेईमानी की शिकायत नहीं की और सिर्फ अपने फायदे के बारे में कभी नहीं सोचा। उसने नदियों की तरह सब की भलाई के लिए काम किया है और मुश्किल वक्त में हिमालय की तरह अडिग रही । लेकिन मेरा स्पष्ट मानना है की महिलाओं के साथ भेदभाव और अन्याय आज भी है और कंही अधिक संगठित और संस्थागत है। मुंबई से आई युवा सामाजिक कार्यकृत्री रीता ने कहा कि स्त्री की मेहनत, स्त्री की गरिमा और स्त्री के त्याग की पहचान करके ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं। आजादी की लड़ाई और नए भारत के निर्माण के हर मोर्चे पर स्त्री, पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ी है। वह उम्मीदों, आकांक्षा, तकलीफों और घर गृहस्ती के बोझ के नीचे नहीं दबी।कस्तूरबा ,सरोजिनी नायडू, दुर्गा भाभी , सावित्री बाई फुले , सुचेता कृपलानी, अरुणा आसफ अली, विजयलक्ष्मी पंडित, राजकुमारी अमृत कौर और उनके साथ तमाम लाखों लाखों महिलाओं से लेकर आज की तारीख तक स्त्री ने कठिन समय में हर बार महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, ज्योतिबा फुले , सरदार पटेल, बाबा साहब अंबेडकर और मौलाना आजाद के सपनों को जमीन पर उतार कर दिखाया है। आजादी के 75 वर्ष बाद आज जब हम चाँद पर जा पहुंचे हैं तो ये हमारी जिम्मेदारी है के जमीन पर संघर्ष कर रही महिला नेतृत्व को नीति निर्माण के मेज पर बराबर की हिस्सेदारी मिलें।

## संक्षिप्त खबरें

### काली मंदिर के जमीन पर अवैध कब्जे की उप जिलाधिकारी से शिकायत



प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। पाली क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा में वार्ड नं 12 जेठू नगर मे काली मंदिर के आस पास की जमीन पर अगल बगल के लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जिसकी लिखित शिकायत घघसरा निवासी पूर्व प्रमुख कुंवर सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय व उपजिलाधिकारी सहजनवा से किये है। उन्होंने अपने शिकायत पत्र में ठरापार गांव में काली मंदिर जो सन- 1987 में बनवाया गया था जहां पर गांव के लोग समय समय पर पूजा पाठ किया करते है। मंदिर के बगल में परती जमीन छोड़ दिया गया था। जो वर्तमान समय में कब्जा कर लिया गया है। इस समय घघसरा नगर पंचायत कार्यालय का निर्माण कराया जा रहा है जिससे अगल बगल की जमीन कीमती हो जाने के नाते सबकी नजर इस जमीन पर लगी हुई है। इस जमीन की सुरक्षा के लिए व जनहित में लिखित प्रार्थना पत्र अधिनस्थ अधिकारी व कर्मचारी को दिया गया है।

### जन अधिकार पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी को फोन पर मिली धमकी



प्रखर हरपुर-बुदहट गोरखपुर। जनपद के सहजनवा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा रेवडा. निवासी को 11 अक्टूबर दिन बुधवार फोन पर जान माल की धमकी मिली। पीड़ित ने इसकी शिकायत हरपुर-बुदहट थाने में की है( मिली जानकारी के अनुसार 324-विधानसभा सहजनवां के जन अधिकार पार्टी के पूर्व प्रभारी प्रत्याशी दिलीप कुमार मौर्य पुत्र बलिराम मौर्य निवासी ग्राम रेवाड़ा ने हरपुर-बुदहट थाने में दिए तहरीर में बताया है कि रामरेखा पासवान पुत्र कप्पू पासवान ने पैसे की लेनदेन के एक मामले में हस्तक्षेप करने को लेकर फोन पर मुझे गाली-गुप्ता देते हुए जान- माल की धमकी दी है पीड़ित ने हरपुर-बुदहट थाने में दिये तहरीर के माध्यम से उक्त मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है तहरीर देने के इस दौरान पुर्व विधानसभा प्रत्याशी दिलीप मौर्य के साथ दर्जनों की संख्या में जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बीएचयू इमरजेंसी के डॉक्टरों से मारपीट के आरोपितों को मिली जमानत

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बीएचयू के सर सुंदरलाल चिकित्सालय के इमरजेंसी में बीते 20 सितम्बर को चिकित्सकों से मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले में दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गयी। सिविल जज जूनियर डिवीजन (षष्ठम)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी बंसल की अदालत ने अजीत कुमार यादव व रंजीत कुमार यादव को 25-25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया इसके पूर्व दोनों आरोपितों अंतरिम जमानत पर थे और गुरुवार को नियमित जमानत के लिए कोर्ट में समर्पण कर किया था` अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव व रोहित यादव ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार बीएचयू के सर सुंदरलाल चिकित्सालय के इमरजेंसी में बीते 20 सितम्बर को रेजीडेंट चिकित्सकों से कुछ लोगों ने मारपीट करते हुए दुर्व्यवहार किया था इस मामले को लेकर आक्रोशित रेजीडेंट चिकित्सकों ने पिटाई के विरोध में आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आईएमएस निदेशक कार्यालय पर हड़ताल कर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। चिकित्सकों की हड़ताल से बीएचयू की स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ने लगा जिसके बाद आनन-फानन में लंका पुलिस ने 26 सितम्बर 2023 को दोनों आरोपितों अजीत कुमार यादव व रंजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया` अदालत में दोनों आरोपितों की जमानत अर्जी पर उनके अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा और दोनों आरोपितों को जमानत पर रिहा करने की अदालत से अपील की। अदालत ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दोनों आरोपितों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।



### नगर पंचायत घघसरा में बोर्ड की हुई बैठक हुई संपन्न

प्रखर पूर्वांचल पाली, सहजनवां। नगर पंचायत घघसरा स्थित कार्यालय पर अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने सभी वार्ड के सभासदों के साथ बोर्ड की बैठक किया। जिसमे अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी सभासदों से उनके वार्डो में विकास कार्य हेतु कार्य योजना के संबंध में किया चर्चा की। बैठक को संबोधित करेंगे हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने कहा कि सभी सभासद अपने अपने वार्डो में विकास कार्य की कार्य योजना पर जो चर्चा हुई है। उन सब पर अमल करते हुए जल्द ही उस बजट को पास करा कर कार्य शुरू कर दिया जायेगा। जिससे सभी वार्डो में विकास के कार्य हो सके ।उन्होंने कहा कि आप सभी सभासद अपने अपने वार्डो में साफ सफाई का विशेष ध्यान दे। जिससे संचारी रोग से बचाव हो सके। बैठक में सभासद संतोष पाण्डेय, राकेश कुमार, सत्यप्रकाश पाण्डेय, सुरेन्द्र बर्मा, सुंदरम त्रिपाठी, धूप गुप्त सभी सभासद उपस्थित रहे।



### जमीन का बगैर मुआवजा दिए सड़क का चौड़ीकरण करने पर बनारस के व्यापारी व जनता हुई नाराज

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । संदहा से कचहरी रोड चौड़ीकरण में व्यापारियों को जमीन का मुआवजा देने वह अति प्राचीन काली मंदिर पांडेयपुर नई बस्ती के विस्थापन के संबंध में मांगों को लेकर कई दिनों से एक हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा था वाराणसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा के नेतृत्व में व्यापार मंडल की एक टीम व्यापारियों के साथ वाराणसी के आला अधिकारी से मिले व पत्रक सौपा वही वाराणसी अपर जिला मजिस्ट्रेट ने कहा सरकार पैसा दी है सबको जमीन का मुआवजा मिलेगा व काली मंदिर के निस्तारण भी जन सहयोग से मिलकर किया जाएगा जिसको लेकर सुरभि होटल पहड़िया में एक मीटिंग बुलाई गई है। व्यापारियों से वाराणसी पीडब्लूडी द्वारा पहले यही कहा गया था की अभी जमीन पर बने मकान का जिसका जितना जा रहा है उस हिसाब से मुवावजा दिया जा रहा है आगे जमीन का पैसा भी मिलेगा जिस विश्वास पर जनता अपना मकान अपने हाथों से तोड़कर पीछे हटकर मकान बनाने लगी की विकास का कार्य तेजी से हो सके। अपने हाथों अपना मकान तोड़ना व तोड़वाना जो की इतिहास में कभी नही हुआ काशीवासियो ने ऐसा कर दिखाया आखिर ऐसा क्या हो गया की पुस्तैनी जमीन व रजिस्ट्री पेपर ,पिला कार्ड होने के बाद भी जमीन का मुवावजा पीडब्लूडी कहने के बाद भी क्यो सभी को नही दे रही या कौन नही देना चाह रहा है ऐसा क्यों किया जा रहा है काशी की जनता व व्यापारियों के नजर में किसकी छवि खराब हो रही है या जानबूझकर किया जा रहा है।

# पुरखों की याद

यही है जिंदगी

■ क्षमा शर्मा



**कैब** ड्राइवर परिचित था। उससे बातचीत होने लगी। कहने लगा-सराध चल रहे है मैडम। काम भी बहुत कम है। तीन-चार दिन के लिए पंजाब अपने गांव चला जाऊंगा। उसकी बात सुनकर याद आने लगा कि इन दिनों व्यापार में भी काफी गिरावट आ जाती है। बाजार सूने पड़े रहते है। सब कमाई घटने की शिकायत करने लगते है। श्राद्ध खत्म होते ही, जैसे ही नवरात्रि शुरू होते है, बाजार में बहार आ जाती है। बड़े-बड़े विज्ञापन आने लगते है। बाजार में तरह-तरह का सामान दिखाई देने लगता है। इतने खरीददार बाजार में उमड़ आते है कि पैर रखने को जगह नहीं होती। जिसे कार खरीदनी है, नई कार खरीदते है, कोई नया घर, कोई फ्रिज कोई कुछ और। दीपावली से पहले की खरीददारी भी इन दिनों की जाती है। वातावरण में धूप, अगरबत्ती की खुशबू आने लगती है। टैक्सी वाले से यह बात यों ही चलते-चलते हुई। लेकिन उसकी उदासी ने जरूर ध्यान खींचा लेकिन बहुत सी बातें याद आने लगीं। इन दिनों उत्तर भारत में कोई नया काम शुरू नही किया जाता। पुताई, घर का रंग-रोगन कुछ भी नही। नए कपड़े भी नही खरीदे जाते, न पहने जाते है। यह कुल मिलाकर शोक का पखवाड़ा है। उन पूर्वजों की याद में, जो अब इस दुनिया में नहीं। जिन्हें गए जमाना बीत गया।

किसी पुरखे की मृत्यु किस दिन हुई उस तिथि के दिन श्राद्ध किया जाता है। घर-घर में पकवान बनते है। दिल्ली में भी देखती हूं कि इन दिनों मंदिरों में पूरी, पकवान, फलों के ढेर लग जाते है। इतना खाना होता है कि सड़कों पर घूमने वाली गायों की भी मौज हो जाती है। पंडित लोग अतिरिक्त व्यस्त होते है। दान-दक्षिणा भी भरपूर मिलती है। लेकिन यह भी सचाई है कि जो बुजुर्ग है अपने यहां, उनमें से बहुतों की हालत अच्छी नही है। बहुतेरे तो बच्चों की अनदेखी के कारण खाने-पीने तक को मोहताज है, इलाज और देखभाल की बात कौन करे। न जाने कितने वृद्धाश्रमों में रहने को मजबूर है। ऐसे में कई बार लगता है कि मृत्यु के बाद उनकी पसंद का खाना बनाया, दान दक्षिणा दी, उसका क्या फायदा, जब जीते जी उनकी देखभाल का ख्याल नही आया।



जब भी श्राद्ध आता है, मन में तरह-तरह की बातें आती है। अपने परिजनों की याद से मन व्याकुल हो जाता है। मां को क्या पसंद था, पिताजी खाने में क्या पसंद करते थे, सासू मां क्या खाना चाहते थे। लेकिन दादा-दादी का कुछ याद नहीं। उनकी पसंद/नापसंद का पता मां को था। मां ने बताया तो जरूर होगा लेकिन याद नहीं रहा। कहां तो सात पीढ़ी की बातें हम लोग करते है और याद बस दो पीढ़ी भर का रहता है।

अपने पूर्वजों को याद रखने का पुरखों ने यही तरीका खोजा होगा कि कम से कम हम कुछ दिन वही खाएं-पिएं, अतीत में जाएं, जिसमें हमारे पूर्वज रहे। दुनिया का यह नियम भी चकित करता है कि मृत्यु के बाद मनुष्य की कीमत उसके परिजनों में बढ़ जाती है। साक्षात जीते जी जिनके बारे में शायद कभी नही सोचते, जाने के बाद वे पल-पल याद आते है। यही शायद सृष्टि का नियम हो। विदेशों में भी इस तरह का रिवाज है। जहां साल में एक दिन घर के सब लोग जमा होते है। पुरखों की कब्र पर फूल चढ़ाते है। उन्हें याद करते है, उनकी पसंद का संगीत सुनते है। उनके गुणों का बखान करते है। दरअसल पुरखे तो वह चेन है जो हम न भी चाहें तब भी हमारे साथ-साथ चलती है। इसे बनाए रखने, पुरखों को याद करने का आखिर पितृपक्ष से ज्यादा अनुकूल अवसर कौन सा हो सकता है। ■

# नयी इबारतें रचती स्त्री

खरी खरी

■ मनीषा

**नो**बेल दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में है। मगर इससे औरतों को बहुत कम नवाजा गया है। इस साल का शान्ति का नोबेल ईरान की पत्रकार व कर्मठ मानवाधिकारवादी कार्यकर्ता नरगिस मोहमदी को दिया गया। औरतों की आजादी व उनके हकों को लेकर आवाज बुलंद करने वाली 51 साल की मोहमदी ईरान में कैद की सजा काट रही हैं। तेरह बार पहले भी गिरफ्तार हो चुकी इस जुझारू स्त्री को 31 साल की जेल के साथ 154 कोड़ों की भी सजा सुनाई गयी है। ईरान के जंजन शहर में 1971 में जन्मी यह कॉलम राइटर इंजीनियर भी है। वह तेहरान के डिफेंस ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर में भी काम कर चुकी हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स को दिये इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि अपने बच्चों से वह आठ सालों से नहीं मिल सकीं हैं। फ्रांस में रह रही अपनी जुड़वा बेटियों की आवाज आखिरी बार एक साल पहले सुनी थी। उनका पति ताघी भी राजनीतिक कार्यकर्ता है। जिस पर ईरानी सरकार चौदह साल की सजा का ऐलान कर चुकी है। व्हाइट टार्चर किताब में मोहमदी ने ईरानी हुकूमत की क्रूरता व कैदियों के साथ हो रहे जुल्मों को दर्ज किया था। जिस पर कई डॉक्यूमेंट्री व फिल्म भी बन चुकी है। मृत्युदंड के खिलाफ आवाज उठाने वाली यह लेखिका उस जमीं पर अपनी जान जोखिम में डालती रही है, जहां फांसी की सजा आम है। ईरानी प्रदर्शनकारियों का आदर्श वाक्य है- वूमन-लाइफ-फ्रीडम। यह पुरुस्कार उन तमाम औरतों के संघर्ष और उनके साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ सिर्फ मलहम ही नहीं है। बल्कि औरतों को निशाना बनाने वाले शासकों की धार्मिक नीतियों की तरफ दुनिया का ध्यान भी खींच रहा है। ईरानी सत्ता औरतों के साथ भेदभावपूर्ण व उत्पीड़नकारी तो है ही, वह उन पर यातनाएं करने तथा उनका दमन करने में भी नहीं चूकते है। औरतों पर परदा थोपने वाली हुकूमत उनका यौन शोषण रोक पाने में बिल्कुल नाकाम है। हिंसा का विरोध करने वालों की आवाज जबरदस्त तौर पर दबायी जाती है। हिजाब आंदोलन के दौरान मोहमदी ने जोर-शोर से लड़कियों का पक्ष लिया, जो हुकूमत की आंख की किरकिरी बन गयी। ईरानी औरतों की अभी भी वह पीढी जीवित है, जिसने अपना पूरा जीवन देश में खुलापन, शिक्षा व लिबास पर किसी तरह की पाबंदी के बगैर ही देखा है। बनिस्पद इसके धर्म के नाम पर कट्टरता लादने वाले रूढिवादियों को पढी-लिखी, खुदमुख्तार औरतों से खतरा महसूस हो रहा है। ऐसे में जब मोहमदी को दुनिया का सबसे बड़ा पुरुस्कार मिला तो कट्टरपंथियों के मंसूबों पर पानी फिर गया कहना जल्दबाजी हो सकती है, पर उम्मीद की जा सकती है कि हालात कुछ हद तक बदल सकें।



इरादे बुलंद हों तो कोई भी इतिहास बदला जा सकता है, मोहमदी की जंग ने यह कर दिखाया। जैसे इस बार एशियाड में भी भारत ने नायाब इतिहास रच दिया। मेजबान चीन व नन्हें से जापान के पदक पाने से हम काफी पीछे हैं मगर पहली दफा चौथे पायदान पर देश को लाने में लड़कियों ने कमाल कर दिखाया। 28 गोल्ड, 38 सिल्वर व 41 ब्रॉन्ज के साथ 72 सालों के एशियन्स गेम्स के इतिहास में सौ का आंकड़ा पार किया। मेहुली घोष, आशी चौकसे, रमिता, नेहा ठाकुर, सिफ्त कौर, मानिनी कौशिक, दिव्या, पलक, किरण, ऋतुजा, राजेश्वरी, मनीषा कीर, प्रीती, निकहत, नंदनी, सीमा, अन्नू, मंजू जैसे नाम जितने कॉमन हैं। उसके बिल्कुल विपरीत इन्होंने देश की तमाम प्रतिभाशाली लड़कियों के हौंसले बढाने का काम भी किया है। महिलाओं की क्रिकेट, कबड्डी, स्क्वैश व शतरंज की टीमों ने पदक हासिल कर नये कीर्तिमान स्थापित किये। पंजाब में किसान की बेटी सिफ्त को निशानेबाजी में गोल्ड मिला। नौकायान स्पर्धा जीतने वाली नेहा के पिता भी किसान हैं, वह मप्र के देवास के छोटे से गांव से है। मणिपुर की रोशेबिना अपने संघर्ष और परिवार की परिस्थिति पर रो पड़ती है। बेंगलूरु की अदिति पांच साल की उम्र से गोल्फ खेल रही है। वह पहली भारतीय महिला है, जिसे सिल्वर मिला। भवानी ने तलवारबाजी में पहली बार किसी भारतीय महिला को मैडल दिलाया। हर लड़की की अपनी कहानी है। अमूमन के परिवार वालों ने उधार लेकर, जेवर बेच कर तो प्रतियोगिताओं की तैयारी की ही। उन्हें कुनबे व करीबियों की आलोचनाएं भी कम नहीं सुननी पड़ी। जब लड़कियों के खेलकूद में जाने की बात आती है तो परिवार अकबका जाते हैं। उस पर उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो और भी दिक्कत।

हालांकि बीबीसी द्वारा किये गये पुराने सर्वे से पता चलता है कि 42% लोगों ने माना था कि पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के खेल उतने मनोरंजक नहीं लगते। समाज का लैंगिक भेदभाव खेलों में साफ झलकता है। केवल 29% औरतों ने माना कि उन्होंने जीवन में किसी खेल में भाग लिया। बाकियों ने कभी खेल के मैदान का रुख ही नहीं किया। खेलों की दुनिया ग्लैमर वर्ल्ड में होने वाले शोषण से अछूती नहीं है। वहां भी लड़कियों को लैंगिक विषमताओं को झेलना पड़ता है। उन्हें अच्छे कोच नहीं मिलते। मिल भी जाएं तो उनकी नीयत कभी भी डोलने की आशंकाओं से परिवार त्रस्त रहते हैं। फिर भी लड़कियां परचम लहराने में किसी से पीछे नहीं रहने वालीं। यह उन्होंने बार-बार साबित कर दिखाया है। दकियानूसी समाजों में जीने वाली लड़कियां बन्धनों और बेड़ियों से मुक्त होना ही नहीं सीख रही हैं। बल्कि जोखिम लेकर भी बार-बार गिरने के बावजूद चुटहिल टखनों के साथ नयी इबारतें लिखने का साहस कर रही हैं। जो जल्दी थमने वाली नहीं। हमें पुरुषों को मजबूत बनते हुए देखना है, क्योंकि औरतें तो मजबूत हो चुकी हैं। उनकी बुनियाद अब भुरभुरी नहीं रही। ■

# त्योहारों का मौसम पाएं ग्लो



ब्यूटी

■ शहनाज हुसैन

**त्योहारों** का मौसम आने ही वाला है। स्किन को चमकदार बनाने का समय आ गया है। रसोई की शेल्फ पर ऐसी कई चीजें है, जो त्वचा को चमकदार बना सकती है। रोजाना ठंडे गुलाब जल से स्किन को टोन करें। गुलाब जल को फ्रिज में रखें, इसका इस्तेमाल त्वचा को पोंछने के लिए करें। फिर, त्वचा को सहलाएं। गालों पर, बाहर और ऊपर की ओर ले जाते हुए प्रत्येक स्ट्रोक को कनपटी तक करें और हल्का दबाव डालें। माथे पर, बीच से शुरू कर दोनों तरफ से बाहर की ओर जाएं और कनपटी तक करें। ठुड्डी पर गोल गोल घुमाते हुए सहलाएं। गुलाब जल से भीगे हुए कॉटन वूल पैड से स्किन को तेजी से थपथपाएं।

फेशियल स्क्रब से भी त्वचा पर चमक आती है। यह डेड स्किन सेल्स को हटाता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। पिसे हुए बादाम को दही में मिलाएं। सूखे और पिसे हुए पुदीने के पत्ते डालें। इससे त्वचा में चमक आती है। मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और कुछ मिनटों के लिए छोड़ दें। फिर, धीरे से रगड़ें, कुछ देर बाद पानी से धो लें। या, अखरोट पाउडर, शहद और नींबू के रस से चेहरे का स्क्रब बनाएं। इसी तरह लगाएं।



पहले त्वचा के लिए 'उबटन' घर पर ही बनाया जाता था। इसमें गेहूँ की भूसी (चोकर), बेसन, दही या दूध की मलाई और एक चुटकी हल्दी मिलाकर तेल के साथ शरीर पर लगाते थे। 20 से 30 मिनट बाद उबटन धोने पर त्वचा साफ, मुलायम और चमकदार होती है। 'पिक-मी-अप' फेस मास्क त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है। अंडे की सफेदी में शहद मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद पानी से धो लें। रूखी त्वचा के लिए शहद में अंडे की जर्दी और थोड़ा सा दूध मिलाएं। 20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।



चेहरे के लिए घर पर मिक्स मास्क बनाएं। दो चम्मच गेहूं की भूसी (चोकर) में एक चम्मच बादाम का आटा (पिसे हुए बादाम), दही, शहद और गुलाब जल मिलाएं। सभी चीजों को साथ मिलाकर पेस्ट बना लें और होठों और आंखों के आस-पास छोड़कर पूरे चेहरे पर लगाएं। 30 मिनट बाद इसे धो लें।



सफाई और टैन हटाने वाला मास्क आजमाएं, खीरे और पपीते के गूदे को एक चम्मच दही, एक चम्मच शहद, 3 चम्मच दलिया और एक चम्मच नींबू के रस के साथ मिलाएं। रूखी स्किन के लिए शहद में अंडे की जर्दी और थोड़ा सा दूध मिलाएं। इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें और पानी से धो लें। यह त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है। पैक को धोने के बाद, त्वचा को गुलाब जल में भिगोए हुए कॉटन वूल पैड से सेकें। रूखी त्वचा के लिए आधा चम्मच शहद, एक चम्मच गुलाब जल और एक चम्मच सूखे दूध का पाउडर मिलाकर पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद पानी से चेहरा धोएं।

मास्क हटाने के बाद, चेहरे पर चमक, ताजगी लाने और थकान दूर करने के लिए ठंडे गुलाब जल से चेहरे पर ठंडा सेक लगाएं। इससे चेहरे को पोंछें और फिर तेजी से थपथपाएं। सुस्त और थकी आंखों के लिए, रुई के पैड को गुलाब जल में डुबोकर बंद पलकों पर आई पैड के रूप में इस्तेमाल करें। 10 मिनट आंखें बंद करके आराम करें। यह थकान दूर करता है और आंखों की रोशनी बढ़ाता है। गुलाब की खुशबू मन को शांत रखती है। ■

# होम्योपैथी के साथ किस तरह का आहार लें

■ डॉ. मुकेश बत्रा



**हो**म्योपैथी के संस्थापक डॉ. सैमुअल हैनमैन जर्मन डॉक्टर थे, 'ऑर्गेनॉन ऑफ द हीलिंग आर्ट' नामक किताब में होम्योपैथी के सिद्धांतों को लिखा है। ऑर्गेनॉन में उल्लेख है, जिसके आधार पर होम्योपैथी की फिलॉसफी और किस तरह इसकी दवाइयां बनाकर दी जानी चाहिए। इस किताब में डॉ. हैनमैन ने होम्योपैथी और भोजन के संबंध के बारे में विशेष रूप से लिखा है। वे लिखते हैं, 'प्रत्येक व्यक्ति का पेट, उसके पैर की तरह होता है।' जिस तरह सबके पैर का आकार एकदम अलग-अलग होता है, ठीक उसी तरह यूनिवर्सल डाइट के उपयोग के खिलाफ है।

**प्रभावी उपचार के लिए पांच स्वर्णिम नियम इस प्रकार हैं:**



1. किसी व्यक्ति द्वारा लिया जाने वाला आहार दूसरे के लिए जहर भी हो सकता है। एक को बैंगन बहुत पसंद हो सकता है, जबकि दूसरे को इसकी एलर्जी हो सकती है और उसकी त्वचा पर चकत्ते पड़ सकते है। होम्योपैथी व्यक्तिगत डाइट में विश्वास करती है।
2. होम्योपैथी की दवा लेते समय डाइट पर कोई प्रतिबंध नही होता। रोग के अनुसार प्रतिबंध लागू होते है, उदाहरण के लिए, उच्च रक्तचाप के मरीज को खाने में नमक की मात्रा कम करने की सलाह दी जाएगी, उच्च कोलेस्ट्रॉल के मरीज को फैट यानी वसायुक्त आहार नहीं खाने के लिए कहा जाएगा और गाउट के मरीजों को शराब न पीने की सलाह दी जाएगी।
3. होम्योपैथिक दवाईयाँ तंत्रिका सिरे के माध्यम से कार्य करती है इसलिए इन्हें जीभ के नीचे रखकर चूस लेने का सर्वोत्तम तरीका है।
4. यह मिथक है कि यदि होम्योपैथिक दवाईयाँ ले रहे है तो कॉफी का सेवन नही करना चाहिए। क्योंकि कॉफी में कैफीन होता है, जो मूड को बेहतर बनाता है, माना जाता है कि यह होम्योपैथिक दवाइयों में हस्तक्षेप करता है. जो तंत्रिका के माध्यम से कार्य करती है। उदाहरण के लिए बार-बार कॉफी पीने वाला व्यक्ति अधिक उतार-चढ़ाव का अनुभव कर सकता है। हमारे जीवन में हम सभी उतार-चढ़ाव का सामना करते है, यही कारण है कि यदि लोग होम्योपैथिक दवाईयाँ ले रहे हों तो वे कॉफी का सेवन कर सकते है बशर्ते वे इस बात का ध्यान रखें कि भोजन लेने और दवाइयां खाने के बीच आधे घंटे का अंतर होना चाहिए।
5. भोजन दवा है होम्योपैथी का मानना है कि न सिर्फ पोषण की कमी से बीमारियां होती है, लेकिन महत्वपूर्ण रूप से ठीक से भोजन का अवशोषण नही कर पाना असली समस्या है। भले ही सही प्रकार के आहार का सेवन कर रहे हों लेकिन यदि अवशोषित नहीं कर पा रहे है तो इससे स्वास्थ्य को कोई लाभ नहीं मिलेगा।

**(संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. बत्राज)** ■

# कैपसिकम चीज कटलेट

■ अनिता घोष

**सामग्री-** कटी हुई शिमला मिर्च एक कप, दो प्याज कटा हुआ, चीज 50 ग्राम, अदरक लहसुन पेस्ट एक चम्मच, कटा हरा धनिया एक चम्मच, तेल आवश्यकतानुसार, 2-3 हरी मिर्च कटी हुई, उबला हुआ आलू 1, चाट मसाला एक चम्मच, नींबू का रस एक चम्मच, कार्न फ्लोर 100ग्राम, नमक स्वादानुसार।

**विधि-** शिमला मिर्च के टुकड़ों को उबाल लें। कढ़ाही में तेल गरम करें। अब इसमें प्याज डालकर सूनहरा होने तक भून लें। उबले हुए शिमला मिर्च को डाल दें। 2-3 मिनट तक पकाएं। अब अदरक लहसुन पेस्ट, नमक, हरा धनिया, कटी मिर्च, चीज और उबला आलू डाल दें। थोड़ी देर पकाएं। अंत में नींबू का रस और चाट मसाला डालें। गैस बंद कर दे। पूरे मिश्रण को एक प्लेट में निकाल लें। अब थोड़ा मिश्रण हाथ में रखकर कटलेट का आकार दें।



इसी तरह सारें कटलेट बनाकर प्लेट में सजाएं फिर एक घंटा के लिए कटलेट के प्लेट को फ्रीज में रख दें। फ्रीज से कटलेट निकाल लेने के दस मिनट बाद गैस पर कढ़ाही रखें। एक प्लेंट में कॉर्न फ्लोर रखें, फिर उसमें एक एक कटलेट को कॉर्न फ्लोर वाली प्लेट में रखकर कटलेट के दोनों तरफ में कॉर्न फ्लोर लगाएं। अब गरम कढ़ाही में तेल डालें। जब तेल गरम हो जाए तब इसमें एक बार में 3-4 कटलेट डालकर धीमी आंच पर सुनहरा होने तक तक दोनों तरफ उलट-पूलट के सेंके। तैयार हो गया कैपसिकम चीज कटलेट। हरी चटनी के साथ परोसें।

# नमकीन केक

**आवश्यक सामग्री-** एक कप मैदा, बटर 50 ग्राम, दो उबले हुये आलू, अदरक लहसुन पेस्ट एक चम्मच, कटा हरा धनिया एक चम्मच, नमक स्वादानुसार, चाट मसाला एक चम्मच, नींबू का रस एक चम्मच, कार्न फ्लोर दो चम्मच, लाल मिर्च पाउडर दो चम्मच, हल्दी एक छोटा चम्मच, बेकिंग पाउडर एक चम्मच, 2-3 हरी मिर्च कटी हुई, तेल आवश्यकतानुसार।



**विधि-** सबसे पहले पैन में बटर डालकर गरम करें। फिर इसमें सूजी डालकर भून लें। जब सूजी अच्छे से भून जाए तो पैन में दो कप पानी डालें और अच्छे से मिक्स करके धीमी आंच पर पकने दें। अब एक बाउल में उबले हुए आलू और सूजी को अच्छे मिक्स कर लें। अब इसमें अदरक लहसुन पेस्ट एक चम्मच, कटा हरा धनिया एक चम्मच, नमक स्वादानुसार, चाट मसाला एक चम्मच, नींबू का रस एक चम्मच, कार्न फ्लोर दो चम्मच, लाल मिर्च पाउडर दो चम्मच, हल्दी एक छोटा चम्मच, कार्न फ्लावर दो चम्मच, बेकिंग पाउडर एक चम्मच, 2-3 हरी मिर्च कटी हुई डाल कर अच्छे से मिलाएं। अब एक बड़ी प्लेट में हल्का सा तेल फैलाकर लगाएं। अब इस मिश्रण को पूरे थाली में फैलाएं। ध्यान रखें मिश्रण को ज्यादा पतला नही फैलाएं। अब इस प्लेट को 20-25 मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद प्लेट को फ्रिज से बाहर निकाल कर अपने हिसाब से शेप में काट लें। अब कढ़ाही में तेल डालें और गरम हो जाने पर हल्की आंच पर एक-एक करकें कटे हुए नमकीन केक को डालें और फ्राई करें। तैयार हो गया गरमा-गरम रवा नमकीन केक। आप इसे सॉस या हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं। ■

# टैरो



ऋचा श्रीवास्तव

(11 अक्टूबर-17 अक्टूबर)



**मेष (21मार्च -20अप्रैल )-** क्षमता दिखाने के लिए कई अवसर मिलेंगे। कड़ी मेहनत, ईमानदारी पर निश्चित रूप से ध्यान दिया जायेगा। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रणनीति तैयार करें। जरुरत पड़ने पर दूसरों से समर्थन लें। ऑफिस की राजनीति से दूर रहें। ऊर्जा को केवल काम पर केंद्रित करें। परिवार बहुत सहयोगी होगा। स्वास्थ्य की उपेक्षा ना करें। आर्थिक निवेश के प्रति सावधान रहें।



**वृषभ (21अप्रैल - 21मई )-** स्वाभाव में उग्रता रहेगी और उदास महसूसगे। समायोजन लगभग हर स्तर पर आवश्यक है। धैर्य रखना होगा और हस्तक्षेप से बचने की जरूरत है। फिजूल खर्चो से बचें। जीवन साथी अथवा साझेदार से मनमुटाव हो सकता है। जीवन के लिए दृष्टिकोण में व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। योग अथवा व्यायाम अपनाएं।



**मिथुन (22मई -21जून )-** संघर्ष रहने पर भी धन की कमी नही होगी। विरोधी कार्यक्षेत्र एवं परिवार में संघर्ष बढ़ाने का प्रयास करेंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। शांत होकर निर्णय लेना हितकर होगा। रुकी हुई इच्छाएं पूर्ण होने की सम्भावना है। वैवाहिक जीवन आनंदमय रहेगा। संतान के प्रति दायित्व की पूर्ती होगी। पुराने झगड़ों से रहत प्राप्त करेंगे, साथ ही स्वास्थ में सुधार होगा। नए कार्य के लिए समय उपयुक्त है।




**कर्क (22जून -22जुलाई )-** जहां भी जायेंगे, प्रशंसा एवं प्यार मिलेगा। नौकरीपेशा लोग यथोचित रूप से अच्छा करेंगे और धीमी और स्थिर रहेंगे। जीवन साथी के साथ रिश्ते का आनंद लेंगे। विवाह का योग बन रहा है। सामाजिक सम्बन्ध मजबूत होंगे। नौकरी के नए अवसर मिलेंगे। प्रॉपर्टी भी खरीद सकते है। स्थिरता और काम के प्रति लगन को देखते हुए प्रमोशन और इंक्रीमेंट भी मिल सकता है।



**सिंह (23जुलाई - 21अगस्त )-** निजी संबंध मधुर होंगे। यात्रा का योग बन सकता है। व्यावसायिक छेत्र में रचनात्मकता व कार्यकुशलता से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। भावनाओं से व्यवसायिक दिशा व निजी निर्णय प्रभावित होते है। संघर्ष के अंतराल के बाद भौतिक लाभ व प्रतिष्ठा प्राप्त होगी।



**कन्या (22अगस्त -23सितम्बर )-** नकारात्मक विचारों को खत्म करें और रचनात्मक सोच लाएं। जीवन को दृष्टिकोण बदलने की जरुरत है। मित्रों एवं परिवार के साथ समय व्यतीत करें, जिससे रिश्तों में मधुरता बनी रहे। वित्तीय मामलों में सतर्कता बरतें। नौकरी बदलने की सोच रहे है तो इस्तीफा देने से पूर्व अच्छे से सोच विचार कर लें।



**तुला (24सितम्बर -23अक्टूबर )-** अवसरवादी के लिए अच्छा होगा, क्योंकि उन्हें व्यवसायिक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कई मौके मिलेंगे। सभी संभावनाओं को फलदायी नतीजों में बदलने के लिए आशावाद ओर उत्साह से भरे होंगे। आय बढ़ाने के लिए की गयी कोई भी पहल बड़ी सफलता होगी। जीवन साथी के साथ यात्रा की योजना बन सकती है। परिवार के विस्तार की योजना बना सकते है।



**वृश्चिक (24अक्टूबर -22नवम्बर )-** कई बदलावों और सकारात्मक विकासों से गुजर रहे होंगे, कमर कस लीजिये। लगातार नयी शुरुआत और नए जीवन की ओर बढ़ेंगे। रिश्तों को अच्छे से संभालेंगे ओर परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बॉस का समर्थन प्राप्त होगा। पेशेवर पक्ष में कोई भी जटिलता या बाधा हल हो जाएगी। ऑफिस के प्रोजेक्ट को बहुत शानदार ढंग से पूरा करेंगे।



**धनु (23नवम्बर -22दिसम्बर )-** भावनात्मक जीवन में स्थायित्व और स्थिरता पाएंगे। ध्यान करें और भावनाओं को लिखें। करियर के नए अवसरों के लिए आँखें खुली रखें और संभावनाओं के लिए दिमाग खुला रहे। समर्थन जल्दी ही आएगा। पिछले निवेश से वित्तीय लाभ की अपेक्षा कर सकते है। सेहत में सुधार होगा।



**मकर (23दिसम्बर -20जनवरी )-** उत्कृष्ट संचार कौशल के साथ बौद्धिक क्षमताओं के लिए जाने जाते है। इसे ज़ारी रखेंगे। ज्ञान स्थान देगा और नाम, प्रसिद्धि और यश प्राप्त होगा। बचत करने की कोशिश करनी चाहिए। काम के प्रति लगन को देखते हुए प्रमोशन की सम्भावना है। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। योग एवं ध्यान अपनाएं।



**कुम्भ (21जनवरी -19फरवरी ) -** कुछ वक्त लगेगा व्यवसाय हो या नौकरी दोनों ही क्षेत्र में उन्नति के द्वार खुलेंगे। आर्थिक निवेश करने के पूर्व अच्छे से जानकारी ले लें अन्यथा हानि उठानी पड़ सकती है। ऐसा कोई काम न करें, जिसमे जोखिम हो अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है। पारिवार में मतभेद की सम्भावना, समझदारी से काम लें।



**मीन (29 फरवरी -20मार्च )-** अभी तक जो आर्थिक अस्थिरता नौकरी में थी, वो दूर होने लगेगी। नौकरी में बदलाव या मनचाही नौकरी मिलने की सम्भावना। महिला अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। तनाव सभी दूर करने की कोशिश करेंगे। अविवाहित के विवाह का योग बन रहा है। खर्च के प्रति सतर्क रहें। अधिक मौज मस्ती पर ध्यान ना देते हुए लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करें।

# युद्ध में तैनाती के चंद घंटे पहले इजराइली कपल ने रचाई शादी



इजराइल पर हमास के हमले और फिर आतंकी संगठन पर जवाबी कार्रवाई के बाद सोशल मीडिया पर युद्ध की विभत्स तस्वीरें आ रही हैं। इस बीच एक इजरायली कपल की अनोखी तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेशे से सैनिक एक लड़के और लड़की की युद्ध में तैनाती होनी थी। लड़का और लड़की, एक दूसरे को जानते थे। लिहाजा, जब उन्हें पता चला कि सुबह युद्ध में तैनाती होनी है, दोनों ने चंद घंटे पहले सामान्य तरीके से शादी कर ली। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल है। कपल की पहचान उरी मिंटजर और एलिनोर योसेफ्रिन के रूप में हुई है। दोनों ने सोमवार को युद्ध में तैनात से पहले रविवार देर शाम शादी रचा ली।

### थाइलैंड में थे दोनों

एलिनोर योसेफिन और उरी मिंटजर को जब पता चला कि उन्हें हमास के खिलाफ युद्ध में उतरना है, उस दौरान दोनों थाईलैंड में थे। मिंटजर ने कहा कि हम दोनों ने इतनी जल्दबाजी में शादी करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। उसने कहा कि युद्ध में जाने के बाद पता नहीं क्या हो, इसलिए हम दोनों ने पोस्टिंग से पहले शादी करने का फैसला किया। इजराइल के शोहम में एक सादे कार्यक्रम में दोनों के परिवार की तरफ से चुनिंदा लोग ही शादी में शामिल हुए।

# 25 साल की महिला सैनिक की हिम्मत की मुरीद हुई दुनिया




हमास के आतंकियों ने बीते शनिवार इस्राइल में घुसकर 1000 से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया, लेकिन हमास के आतंकियों के पास 25 साल की इनबार लीबरमैन का कोई जवाब नहीं था। बता दें कि इनबार लीबरमैन ने कुछ लोगों के साथ मिलकर ना सिर्फ अपने समुदाय को हमास के हमले से बचाया बल्कि हमास के दो दर्जन से ज्यादा आतंकियों को मौत के घाट भी उतार दिया। इनमें से पांच को अकेले लीबरमैन ने ढेर किया। लीबरमैन की इस बहादुरी के लिए पूरी दुनिया में उनकी चर्चा हो रही है और वह इस्राइल की जनता की नजरों में नायक बनकर उभरी हैं। इनबार लीबरमैन गाजा पट्टी से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित एक किबुत्ज समुदाय नीर एम की सुरक्षा समन्वयक हैं।

### गजब की दिखाई बहादुरी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार को जैसे ही हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर हमला किया तो लीबरमैन ने धमाकों की आवाजें सुनी। धमाकों की आवाज सुनते ही लीबरमैन अलर्ट हो गईं और तुरंत उन्होंने अपनी 12 लोगों की सुरक्षा टीम के साथ मोर्चा संभाल लिया। लीबरमैन ने गजब की बहादुरी और सूझबूझ दिखाते हुए रणनीतिक रूप से अहम मोर्चों पर अपने साथियों को तैनात किया और जैसे ही हमास के आतंकियों ने किबुत्ज नीर एम पर हमला किया तो लीबरमैन और उनकी टीम ने चार घंटों तक आतंकियों का डटकर मुकाबला किया और दो दर्जन से ज्यादा आतंकियों को ढेर कर दिया।

# जिंदा है टैटू गर्ल! जिसकी निकाली थी हमास आतंकियों ने परेड

इजराइल पर हमास के हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो ने हड़कंप मचा दिया था। इसमें हमास के आतंकी एक लड़की की बॉडी के ऊपर बैठकर जश्न मनाते दिखे थे। वो उसके शरीर पर थूक रहे थे। उन्होंने उसे ट्रक पर रखकर परेड भी निकाली, लड़की के शरीर पर कपड़े तक नहीं थे। बाद में उसकी पहचान जर्मनी की टैटू आर्टिस्ट शानी लाउक के रूप में हुई थी। पहले कहा गया था कि आतंकियों ने शानी को मार दिया है और उनके शव की परेड निकाली है। लेकिन अब शानी की मां ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी जिंदा है, मरी नहीं है। जर्मनी के न्यूज आउटलेट डेर स्पिगल की रिपोर्ट के अनुसार, शानी की मां रिकार्डा ने इंटरनेट पर एक वीडियो मैसेज जारी किया है। इसमें वो बताती हैं कि गजा पट्टी पर रहने वाले उनके एक फैमिली फ्रेंड ने बताया है कि उनकी बेटी जीवित है। वो हमास के एक अस्पताल में भर्ती है।



### मदद की लगा रहीं गुहार

इसके बाद उन्होंने जर्मनी की सरकार से अपनी बेटी की सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है। उन्हें वीडियो में ये कहते सुना गया, 'हमें जानकारी मिली है कि वो जिंदा है लेकिन सिर पर गहरी चोट आई है और गंभीर हालत में है। हर एक मिनट मुश्किल है। और हम जर्मनी की सरकार से तुरंत कुछ करने की मांग करते हैं।

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट से मिली चंद्रबाबू नायडू को अग्रिम जमानत

विजयवाड़ा। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने अमरावती इनर रिंग रोड मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को अग्रिम जमानत दे दी है।



नायडू की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर बहस सुनने वाली कोर्ट ने अस्थायी जमानत दी और मामले में 16 अक्तूबर तक गिरफ्तारी न करने का अंतरिम आदेश जारी किया। कोर्ट ने CID को अंगालू 307 मामले में कल तक कोई गिरफ्तारी नहीं करने का भी निर्देश दिया।

### 'आप' को खत्म करने के लिए चल रहा अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है और पार्टी नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कराए जा रहे हैं।



साथ ही साथ नेताओं के यहां बेवजह छापेमारी करायी जा रही है। केजरीवाल ने अपने आवास पर 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान से मुलाकात करने के बाद अपना बयान जारी करके हुए कहा कि भाजपा सरकार की ओर से सारी कोशिश का उद्देश्य साफ है।

### सपा नेता आजम खां के बेटे को सुप्रीम झटका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां के बेटे को अंतरिम राहत देने से बुधवार को इनकार कर दिया है।



दरअसल, विरोध प्रदर्शन मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम ने याचिका में मांग की थी कि उत्तर प्रदेश की निचली अदालत को आदेश दिया जाए कि वह उनके नाबालिग होने के दावे की पुष्टि होने तक उनके खिलाफ कोई फैसला न सुनाएं।

### दिल्ली में 54 लाख वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली के परिवहन विभाग ने परिचालन की अवधि को पार कर चुके 54 लाख से अधिक वाहनों का 27 मार्च तक पंजीकरण रद्द कर दिया है। इनमें ऑटोरिक्शा, कैब और दोपहिया वाहन भी शामिल हैं। विभाग के अनुसार जिन वाहनों का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें कुछ ऐसे वाहन हैं जिन्हें वर्ष 1900 और 1901 में पंजीकृत कराया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में क्रमशः 10 वर्ष और 15 वर्ष पुराने डीजल एवं पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया था. न्यायालय ने कहा था कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाए।

*युवाओं को मिलेगा नया प्लेटफार्म, नेतृत्व क्षमता कर सकेंगे डेवलप*

# केंद्रीय मंत्रिमंडल का बड़ा फैसला युवाओं के लिए बनेगी 'माइ भारत'

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्वायत्त इकाई 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) की स्थापना को मंजूरी दे दी। यह युवाओं के विकास और युवा नीत विकास के लिए प्रौद्योगिकी आधारित प्रणाली के रूप में काम करेगी।

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। यह संस्था युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए संपूर्ण सरकार में समान स्तर पर पहुंच प्रदान करेगी। ठाकुर ने मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि 'मेरा युवा भारत' का प्राथमिक उद्देश्य इसे 'युवाओं के विकास के लिए पूरी सरकार का मंच' बनाना है। उन्होंने कहा कि इस इकाई को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। आप भी भारत जोड़ने की बात कर रहे हैं और कांग्रेस भी भारत जोड़ो यात्रा की बात कर रहे हैं के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा, हर किसी को देश को जोड़ना चाहिए है, लेकिन भावना ठीक होनी चाहिए है।

*केंद्र सरकार ने युवाओं के लिए बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' (माइ भारत) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। यह युवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा, जिसके जरिए युवा अपनी नेतृत्व क्षमता और स्किल को डेवलप कर सकेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ और निर्णय भी लिए गए।*

*देश में 15 से 19 साल के बीच लगभग 40 करोड़ युवा*

*31 अक्टूबर को राष्ट्र के लिए समर्पित किया जाएगा*

**माइ भारत एक ऑटोनॉमस बॉडी**

नई व्यवस्था के तहत रिसोर्सेज तक पहुंच और अवसरों से जुड़ाव के साथ, युवा कम्युनिटी चेंज एजेंट और राष्ट्र निर्माता बन जाएंगे, जिससे उन्हें सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य करने की अनुमति मिलेगी। यह राष्ट्र निर्माण के लिए अपार यूथ एनर्जी का उपयोग करना चाहता है।



**युवाओं के अवसर ढूंढ़ने का बड़ा जरिया**

'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म एक तरह का इकोसिस्टम तैयार करेगा। युवाओं को सामुदायिक बदलाव सुनिश्चित करने के लिए उत्प्रेरक बनने के लिए सशक्त करेगा। वे सरकार को अपने नागरिकों के साथ जोड़ने वाले 'युवा सेतु' के रूप में कार्य करेंगे। हाल ही में युवा कार्य विभाग के एक वेब पोर्टल ने 'मेरी माटी मेरा देश' नामक एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम को होस्ट किया। इसमें 50 मिलियन युवाओं ने भाग लिया और 'अमृत वाटिकाएं' बनाने के लिए 23 मिलियन पौधे लगाने में मदद की।

### तीन खनिजों के लिए रायल्टी दर

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन खनिजों की रॉयल्टी दर को मंजूरी देने का फैसला किया गया। इनमें लिथियम और नियोबियम के लिए तीन-तीन प्रतिशत और 'रेयर अर्थ एलिमेंट्स' (आरईई) के लिए एक प्रतिशत की रॉयल्टी दर तय की गई है। मंत्रिमंडल के इस फैसले के बाद केंद्र सरकार देश में पहली बार लिथियम, नियोबियम और आरईई ब्लॉक की नीलामी कर सकेगी।

### फ्रांस, पापुआ न्यू गिनी के साथ डिजिटल समझौता

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में फ्रांस, पापुआ न्यू गिनी और त्रिनिदाद एवं टोबैगो के साथ भारत के तीन समझौता ज्ञापनों को बुधवार को मंजूरी दे दी। फ्रांस के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में करीबी सहयोग और सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर एमओयू किया गया है। इसके तोहत दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक भागीदार के लक्ष्य का परस्पर समर्थन करेंगे। बमंत्रिमंडल ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त और औद्योगिक एवं डिजिटल संप्रभुता मंत्रालय के बीच डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग से संबंधित एमओयू पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दे दी है।

*उद्योगपति गौतम अडानी की मुश्किलें बढ़ी*

# दुबई के बिजनेसमैन के साथ संबंधों की जांच कर रहा सेबी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अडानी ग्रुप के चेयरमैन और देश के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी की मुश्किल बढ़ सकती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक मार्केट रेगुलेटर सेबी अडानी ग्रुप और गल्फ एशिया ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फंड के संबंधों की जांच कर रहा है। इस फंड का गठन ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स में किया गया है और इसका मालिकाना हक दुबई के बिजनसमैन नासिर अली शबन अहली के पास है। सेबी इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस मामले में शेयर ऑनरशिप से जुड़े नियमों के उल्लंघन हुआ है? रिपोर्ट में दो सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने हाल में एक रिपोर्ट में दावा किया था कि इस फंड ने अडानी ग्रुप की कई लिस्टेड कंपनियों में निवेश किया है।

### हिंडन बर्ग की रिपोर्ट

अमेरिका की शॉर्ट सेलिंग फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को अडानी ग्रुप के बारे में एक रिपोर्ट जारी की थी। इसमें अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमत में हेरफेर करने के आरोप लगाए गए थे। साथ ही दावा किया गया था कि कई संदिग्ध विदेशी शेल कंपनियों की अडानी ग्रुप में हिस्सेदारी है। हालांकि ग्रुप ने इन आरोपों का खंडन किया था। सेबी इस मामले की जांच कर रहा है। गल्फ एशिया फंड के साथ अडानी ग्रुप के संबंधों की जांच भी इसका हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक सेबी के जांचकर्ताओं के सामने बड़ा सवाल यह है कि क्या गल्फ एशिया और अडानी ग्रुप के अहम शेयरहोल्डर्स के बीच साठगांठ थी। इस बारे में अडानी ग्रुप ने कोई टिप्पणी नहीं की। सेबी और गल्फ एशिया ने भी कोई कमेंट नहीं किया। अहली से संपर्क नहीं हो पाया। उनकी फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म Al Jawda Trade and Services को भेजे गए मेल और फोन कॉल्स का भी कोई जवाब नहीं मिला।

## विदेशियों ने किया पिंडदान...



गया। बिहार में बुधवार को देवघाट में जर्मन नागरिक अपने पूर्वजों की आत्माओं की मुक्ति के लिए पितृपक्ष के दौरान पिंडदान और तर्पण अनुष्ठान करते हुए।



देवघाट में ही पिंडदान और तर्पण अनुष्ठान करते हुए अन्य लोग

# न्यूजक्लिक के खिलाफ एक और मामला दर्ज पुरकायस्थ के घर और ऑफिस पर छापेमारी

### विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन का मामला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के कथित उल्लंघन के लिए न्यूजक्लिक के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद सीबीआई की टीम ने बुधवार को समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के ऑफिस और आवास पर छापेमारी की। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों की एक टीम ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के आवास और कार्यालय पर छापे मारे। प्रबीर पुरकायस्थ को दिल्ली पुलिस ने एक मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत हाल ही में गिरफ्तार किया था। समाचार पोर्टल ने कहा कि वह प्राधिकारियों के साथ सहयोग कर रहा है। उसने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, ''सीबीआई वर्तमान में न्यूजक्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के आवास पर छापेमारी और जब्ती अभियान चला रही है।

### चीन से धोखाधड़ी के जरिए फंड हासिल करने का बड़ा आरोप

न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक पर आरोप है कि उसने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन करते हुए विदेशी धन प्राप्त किया। दिल्ली पुलिस ने न्यूज पोर्टल के खिलाफ अपनी जांच में आरोप लगाया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के तथाकथित प्रचार विभाग के एक सक्रिय सदस्य नेविल रॉय सिंघम द्वारा धोखाधड़ी से वित्तपोषण (फंडिंग) किया गया। न्यूज पोर्टल ने दिल्ली पुलिस के आरोपों का खंडन किया है।

*अभिनेत्री आशा पारेख ने फिल्ममेकर विवेक अग्निहोत्री को घेरा*

# 400 करोड़ कमाए कश्मीरी हिंदुओं को कितने दिए?

*फिल्म कश्मीर फाइल्स को लेकर दिग्गज अदाकारा ने रखी बात*

एजेंसी ▸▸ मुंबई

निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' ने जितना बिजनेस किया विवादों में भी उतना ही रही। फिल्म को लेकर लोग दो गुटों में बंटे दिखे। कोई इसे कश्मीर की रियलिटी कहता तो किसी ने इसे प्रोपेगेंडा कहा। करीब 14-15 करोड़ में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 340 करोड़ कमाए थे। अब दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख ने फिल्म को लेकर विवेक अग्निहोत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा मेकर्स ने इतने पैसे कमा लिए लेकिन उन्होंने कश्मीरी हिंदुओं पर कितने खर्च किए। आशा पारेख ने बताया कि उन्होंने फिल्म देखी नहीं है इसलिए वह किसी विवाद पर कुछ नहीं बोल सकती हैं।



**मेकर्स पर उठाए सवाल :** आशा पारेख ने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में पहुंची थीं। जब उनसे पूछा गया कि क्या इस तरह की फिल्में बननी चाहिए तो उन्होंने जवाब दिया अगर लोगों को पसंद है तो बननी चाहिए। फिल्म के मेकर्स को निशाने पर लेते हुए आशा पारेख ने पूछा, 'उनके मेकर्स ने 400 करोड़ रुपये कमाए तो उन्होंने कश्मीरी हिंदुओं को कितने पैसे दिए? जो जम्मू में रहते हैं उनके पास पानी नहीं है बिजली नहीं है उन्होंने कितने पैसे दिए?' आगे आशा पारेख ने कहा, 'फिल्म डिस्ट्रीब्यूट का शेयर होगा, उनका शेयर होगा, 400 में से अगर 200 करोड़ भी उन्होंने बनाए तो 50 करोड़ भी तो दे सकते थे।'

### 20 करोड़ था बजट

'द कश्मीर फाइल्स' को डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने बनाया था। विवेक से आशा पारेख के विवादित बयान पर बात करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। फिल्म को प्रोड्यूस भी विवेक अग्निहोत्री ने किया था। इसमें उनके पार्टनर अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स और जएए स्टूडियो थे। मूवी में अनुपम खेर, पल्लवी जोशी, मिथुन चक्रवर्ती, पुनीत इस्सर, दर्शन कुमार और मृणाल कुलकर्णी ने काम किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 करोड़ रुपये के बजट में 'द कश्मीर फाइल्स' बनी थी और इसने अकेले भारत में भी 295 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।

### ओटीटी की गालियों पर लगे रोक

आज कल ओटीटी का दौर है। वेब सीरीज को बहुत ज्यादा पसंद किया जाता है जिनमें गालियां भी खूब होती हैं। आशा पारेख ने कहा कि 'शायद मैं पुराने ख्यालात की हूं लेकिन आज के वक्त में ओटीटी पर जो गंदे शब्द, गालियां दिखाई जाती हैं ये नहीं दिखाया जाना चाहिए। हम कोई मंडी में नहीं बैठे हैं। अगर हमारे बच्चे देखेंगे वह यही सीखेंगे।

*शीर्ष कोर्ट ने तलब किया जवाब*

# ओबीसी आरक्षण बढ़ाने पर एमपी सरकार को सुप्रीम नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने के राज्य के फैसले पर रोक बढ़ाने वाले मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर मध्य प्रदेश सरकार और अन्य से जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत राजनेता जया ठाकुर की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। जस्टिस एसआर भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के वकीलों वरिंदर कुमार शर्मा और वरुण ठाकुर ने बताया कि हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल 2023 के आदेश में इस निर्देश के साथ मामले को फिर से स्थगित कर दिया कि अंतरिम आदेश राहत जारी रहेगी। यह अंतरिम आदेश हाईकोर्ट के समक्ष सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार की एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए आया। यह उम्मीदवार एमबीबीएस का छात्र था और उसके बाद एनईईटी (पीजी) परीक्षा 2019 में बैठा था। उसने 8 मार्च 2019 को जारी अध्यादेश को चुनौती दी थी।

# भारत की दूसरी जीत, रोहित ने ठोका 31वां शतक, अफगानिस्तान को आठ विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के 31वें वनडे शतक से भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार अपनी दूसरी जीत दर्ज की। अपने दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से रौंदा। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 272 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 35 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 273 रन बना लिए। भारत के लिए रोहित ने 131 रन, ईशान किसन ने 47, विराट कोहली ने नाबाद 55 और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 25 रन बनाए।

इसके पहले कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की 80 रन की पारी के दम पर अफगानिस्तान ने आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप मैच में बुधवार को भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 272 रन बनाए। शाहिदी ने 85 गेंद की पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाने के साथ चौथे विकेट के लिए अजमतुल्लाह ओमरजई के साथ चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी की। ओमरजई ने 69 गेंद की पारी में दो चौके और चार छक्के जडे।




### रोहित ने बनाए 131 रन

भारत से ओपनिंग करने आए कप्तान रोहित शर्मा ने शुरुआती ओवरों में ही अटैक करना शुरू कर दिया। उन्होंने 30 गेंद पर फिफ्टी और 63 गेंद पर सेंचुरी लगाई। वह 84 गेंद पर 131 रन बनाकर आउट हुए, इस पारी में उन्होंने 16 चौके और 5 छक्के लगाए।

### बुमराह ने झटके चार विकेट

जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर अपनी धारदार गेंदबाजी से प्रभावित करते हुए 10 ओवर में 39 रन देकर चार विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने दो जबकि कुलदीप यादव और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने नौ ओवर में बिना किसी सफलता के 76 रन लुटाए।

### 31वें बार सैकड़ा पूरा

रोहित एकदिवसीय मैचों सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ियों की सूची में सचिन तेंदुलकर (49) और विराट कोहली (47) के बाद तीसरे स्थान (31) पर आ गए।

### 29वां ओपनिंग शतक

सलामी बल्लेबाज के तौर पर रोहित का यह 29वां शतक है। उन्होंने इस मामले में श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या (28) को पीछे छोड़ दिया। उनसे अधिक शतक सिर्फ तेंदुलकर (45) के नाम हैं।

### रोहित ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड ठोकी सातवीं ऐतिहासिक सेंचुरी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 में शतक ठोकते ही इतिहास रच दिया। हिटमैन अब विश्व कप में सबसे ज्यादा सात शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इसी के साथ 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर का छह शतकों का रिकॉर्ड भी टूट गया। रोहित ने 63 गेंद में सेंचुरी पूरी करते ही वह भारत की ओर से वर्ल्ड कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।

### वर्ल्ड कप से सबसे ज्यादा शतक

| शतक | खिलाड़ी | पारी |
|---|---|---|
| 7 | रोहित शर्मा | 20 |
| 6 | सचिन तेंदुलकर | 44 |
| 5 | कुमार संगाकारा | 35 |
| 5 | रिकी पोंटिंग | 42 |
| 4 | डेविड वार्नर | 18 |

### 63 गेंद में शतक

रोहित ने विश्व कप में भारतीय बल्लेबाजों में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। रोहित ने 63 गेंद में अपना शतक पूरा किया। विश्व कप में भारतीयों में सबसे कम गेंद में शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले कपिल देव के नाम था जिन्होंने 1983 में 72 गेंद में शतक जड़ा था।

### 1000 रन सबसे तेज

भारतीय कप्तान ने विश्व कप में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। उन्होंने 19 पारियों में इस आंकड़े को छू कर डेविड वार्नर की बराबरी की। सचिन तेंदुलकर और एबी डिविलियर्स ने 20-20 पारियों में 1000 रन पूरे किए थे।

### स्कोर बोर्ड

| अफगानिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का शार्दुल बो हार्दिक | 21 | 28 | 3 | 1 |
| जदरान का राहुल बो बुमराह | 22 | 28 | 4 | 0 |
| रहमत शाह पगबाधा शार्दुल | 16 | 22 | 3 | 0 |
| शाहिदी पगबाधा कुलदीप | 80 | 88 | 8 | 1 |
| ओमरजई बो हार्दिक | 62 | 69 | 2 | 4 |
| नबी पगबाधा बुमराह | 19 | 27 | 1 | 0 |
| जदरान का कोहली बो बुमराह | 02 | 08 | 0 | 0 |
| राशिद का कुलदीप बो बुमराह | 16 | 12 | 1 | 1 |
| मुजीब उर रहमान नाबाद | 10 | 12 | 2 | 0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 09 | 08 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 50 ओवर में 272/8

गेंदबाजी : बुमराह 10-0-39-4, सिराज 9-0-76-0, पंड्या 7-0-43-2, ठाकुर 6-0-31-1, कुलदीप 10-0-40-1, जडेजा 8-0-38-0.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो राशिद | 131 | 84 | 16 | 5 |
| किशन का जदरान बो राशिद | 47 | 47 | 5 | 2 |
| विराट कोहली नाबाद | 55 | 56 | 6 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 25 | 23 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 35 ओवर में 273/2

गेंदबाजी : फारुकी 6-0-50-0, रहमान 8-0-64-0, नवीन 5-0-31-0, ओमरजई 4-0-34-0, नबी 4-0-32-0, राशिद 8-0-57-2.

## हेजार्ड ने फुटबॉल से लिया संन्यास 16 साल में खेले '700 क्लब मैच'



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

बेल्जियम की 'स्वर्णिम पीढ़ी' के फुटबालर एडेन हेजार्ड राष्ट्रीय टीम को फीफा विश्व कप जिताने के अधूरे सपने और क्लब स्तर पर बड़ी सफलता के साथ 16 वर्ष लंबे कॅरियर का अंत कर दिया। मंगलवार को उन्होंने फुटबाल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। देश के लिए हेजार्ड ने 126 मैचों में 33 गोल किए और 56 मैचों में कप्तानी किया। चेल्सी और रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार फुटबाल 32 वर्षीय हेजार्ड ने क्लब स्तर पर 700 से ज्यादा मैच खेले। चेल्सी के साथ दो प्रीमियर लीग खिताब जीते। चोटों से गति धीमी होने से पहले हेजार्ड अक्सर अपनी तेज गति, रचनात्मकता और अद्वितीय ड्रिब्लिंग कौशल के साथ मैदान पर अजेय रहते थे।

### दो स्पेनिश लीग का खिताब जीता

संन्यास की घोषणा करते हुए हेजार्ड ने कहा, 'आपको अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी होती है और एक समय आता है जब आपको रुकना होता है। मैं अपने सपने को जीने में सफल रहा। मैंने दुनियाभर की पिचों पर खेला है और खेल का आनंद लिया है।' हेजार्ड ने रियल मैड्रिड के साथ आठ ट्राफी जीती हैं, जिनमें चैंपियन लीग खिताब और दो स्पेनिश लीग खिताब शामिल हैं।


### हेजार्ड ने देखीं कई सफलताएं

क्लब स्तर पर हेजार्ड ने कई सफलताएं देखीं, लेकिन बेल्जियम टीम को विश्व विजेता नहीं बना सके। कतर में पिछले वर्ष हुए विश्व कप में बेल्जियम की टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई। पिछले वर्ष जून में रियल मैड्रिड से अनुबंध समाप्त होने के बाद हेजार्ड किसी क्लब से नहीं जुड़े थे।

### इतने दर्द के साथ कभी नहीं खेला : प्रणय

*नई दिल्ली। पीठ दर्द के बावजूद अपना पहला कांस्य पदक पक्का करने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय आंसू नहीं रोक पाए। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी में तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और पुरुष एकल में कांस्य पदक जीता। प्रणय ने कहा, 'कई बार लोग यह नहीं जानते कि परिदृश्य में क्या होता है। वे नहीं जानते कि केवल खेलने के लिए हमें किस तरह के संघर्ष से गुजरना पड़ता है। गोपी भैया पिछले 15 सालों से मुझे जानते हैं। वह मेरे संघर्ष और उन मुश्किल हालात के बारे में जानते हैं जिनसे मैं गुजरा हूं। यह पिछले 6-7 वर्षों में सबसे कड़ी प्रतियोगिता थी। मैं कभी अपनी जिंदगी में इतने अधिक दर्द के साथ नहीं खेला। मैं अपने प्रदर्शन को लेकर आशंकित था क्योंकि मैंने पीठ दर्द के कारण अभ्यास नहीं किया था।'*

## खबर संक्षेप



### रिजवान ने गाजा को समर्पित की जीत

**हैदराबाद।** पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने बुधवार को विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ अपनी टीम की रिकॉर्ड जीत 'गाजा के भाइयों और बहनों' को समर्पित की। रिजवान (131) ने नाबाद शतक बनाया जबकि युवा अब्दुल्ला शफीक (113) ने वनडे में अपना पहला शतक जमाया। रिजवान ने बाद में एक्स पर लिखा, 'यह गाजा के हमारे भाइयों और बहनों के लिए है। जीत में योगदान देकर खुश हूं। पूरी टीम विशेष कर अब्दुल्ला शफीक और हसन अली को इस जीत को आसान बनाने का श्रेय जाता है। शानदार मेजबानी और समर्थन के लिए हैदराबाद के लोगों का आभारी हूं।'

### मणिकांत ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** सेना के मणिकांत एचएच ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले



दिन पुरुष 100 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इक्कीस साल के मणिकांत तीसरी हीट (शुरुआती दौर) में 10.23 सेकंड के समय के साथ शीर्ष पर रहे और फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने ओडिशा के अमिया कुमार मलिक के 2016 में बनाए 10.26 सेकंड के रिकॉर्ड में सुधार किया।

### आज अहमदाबाद पहुंचेंगे शुभमन

**नई दिल्ली।** डेंगू बुखार से उबर रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को अहमदाबाद पहुंचेंगे लेकिन उनका शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में खेलना संदिग्ध है।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'गिल का स्वास्थ्य अच्छा है और वह आज चेन्नई से अहमदाबाद के लिए रवाना होने के लिए तैयार हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि वह गुरुवार को मोटेरा में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे या नहीं। उनका स्वास्थ्य पहले से बेहतर है लेकिन अभी यह वास्तव में सुनिश्चित नहीं है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ खेल पाएंगे या नहीं।'

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वापसी करेंगे नडाल, ओसाका और वोज्नियाकी

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

वर्ष 2022 के चैंपियन राफेल नडाल और स्थानीय खिलाड़ी निक किर्गियोस सहित तीन पूर्व विजेता नाओमी ओसाका, कैरोलिन वोज्नियाकी और एंजेलिक कर्बर अगले साल होने वाले आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वापसी के लिए तैयार हैं।

■ 10 बार के चैंपियन नोवाक के सामने किर्गियोस पेश करेंगे चुनौती

ऑस्ट्रेलियाई ओपन टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिली ने बुधवार को कहा कि नडाल और किर्गियोस चोट से उबरकर वर्ष 2024 में ऑस्ट्रेलिया ओपन में वापसी करने की उम्मीद है जहां वे 10 बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच के सामने चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने कहा,'वर्ष 2022 के चैंपियन राफेल नडाल अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मैं उनकी टीम के संपर्क में हूं और उन्होंने कोर्ट पर वापसी कर ली है तथा जनवरी में मेलबर्न में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।'' ओसाका, वोज्नियाकी और कर्बर मातृत्व अवकाश के बाद 14 से 28 जनवरी के बीच होने वाले इस टूर्नामेंट में वापसी के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह पहला अवसर होगा जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत रविवार को होगी। यह फ्रेंच ओपन के बाद दूसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट होगा जो की 15 दिन तक खेला जाएगा।




## भारतीय टीम घोषित चोटिल सुशीला बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सुशीला चानू को चोटिल होने के कारण 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक रांची में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में जगह नहीं दी गई है। रियो ओलंपिक में भारत की अगुवाई करने वाली सुशीला हाल में हांगझोउ एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। हॉकी इंडिया के सूत्रों ने कहा, 'सुशीला को विश्राम दिया गया है क्योंकि वह चोटिल है। उन्हें डॉक्टर को दिखाने की जरूरत है। सुशीला टीम की महत्वपूर्ण सदस्य हैं और उनका आगामी टूर्नामेंटों से पहले फिट होना जरूरी है।' बलजीत कौर को सुशीला की जगह टीम में लिया गया है।


**टीम : गोलकीपरः** सविता (कप्तान), बिचू देवी खारीबाम, डिफेंडरः निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, दीप ग्रेस एक्का (उप-कप्तान), मिडफील्डरः निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति, बलजीत कौर, फॉरवर्डः लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया, बैकअप खिलाड़ीः शर्मिला देवी, वैष्णवी विट्ठल फाल्के।



## दिमित्रोव ने शंघाई में अल्कारेज को हराया

*शंघाई। ग्रिगोर दिमित्रोव ने बुधवार को यहां दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को हराकर उलटफेर करते हुए शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले तीन मुकाबलों में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी अल्कारेज को हराने में नाकाम रहे दिमित्रोव ने 5-7, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। बुल्गारिया के दिमित्रोव ने 27 विनर और 10 ऐस लगाए। वह अगले दौर में 22वें वरीय निकोलस जैरी से भिड़ेंगे जिन्होंने वाइल्ड कार्ड धारक डिएगो श्वार्ट्जमैन को 6-3, 5-7, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई। यूगो हम्बर्ट ने भी एकतरफा मुकाबले में जेजे वोल्फ को 58 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया।*

### अनावरण




मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन डायमंड्स की कप्तान लिज़ वॉटसन (बाएं) और न्यूजीलैंड सिल्वर फर्न्स की कप्तान एमेलियारन एकेनासियो बुधवार को अल्बर्ट पार्क में कॉन्स्टेलेशन कप के साथ पोज़ देते हुए।

### गेंदबाज रणनीति पर अमल करने में नाकाम

***हैदराबाद।** श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महेश तीक्षणा ने कहा कि उनका अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण अपनी रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहा जिसके कारण उनकी टीम को पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच में 344 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'हमने लगभग 20 रन कम बनाए। हमारे पास 370 या 380 रन तक बनाने का मौका था। यहां तक की गेंदबाजी में भी हमने काफी गलतियां की और अपनी रणनीति पर अमल करने में नाकाम रहे। हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा।'*

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबला आज 2 बजे

## बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पहले मैच में भारत से मिली हार से आहत ऑस्ट्रेलिया गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में बल्लेबाजी में आक्रामकता का पुट भरकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा।

पांच बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और बल्लेबाजों की नाकामी के कारण उसे मेजबान भारत से 6 विकेट की हार का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को 102 रन से करारी शिकस्त दी थी और उसकी टीम बढ़े मनोबल के साथ इस मैच में उतरेगी। इस बड़ी जीत से दक्षिण अफ्रीका ने खुद को खिताब का दावेदार भी घोषित कर दिया।




### टीम प्रबंधन चिंतित

*ऑस्ट्रेलिया ने जिस तरह से मैच गंवाया था उससे उसका टीम प्रबंधन निश्चित तौर पर चिंतित होगा। उसकी बल्लेबाजी में आक्रामकता का अभाव था तथा अनुभवी डेविड वार्नर और स्टीव स्मिथ के अलावा उसका कोई भी अन्य बल्लेबाज 30 रन की संख्या को पर नहीं कर पाया। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज भारत के स्पिन आक्रमण के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए तथा गेंदबाजी में एडम जंपा के साथ दूसरे अच्छे स्पिनर की भी उसे कमी खली।*

### स्टोइनिस चोट से उबरे

ऑस्ट्रेलिया के लिए अच्छी खबर यह है कि उसके ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर गए हैं और उनका कैमरन ग्रीन की जगह लेना तय है। स्टोइनिस मैच विजेता खिलाड़ी हैं और आईपीएल में लखनऊ सुपरजाइंट्स की तरफ से खेलने के कारण उन्हें इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है। वह तेज गेंदबाजी विभाग में पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क की भी मदद करेंगे। जहां तक स्पिन विभाग का सवाल है तो ग्लेन मैक्सवेल दूसरे स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य स्पिनर जंपा पर निश्चित तौर पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा क्योंकि वह जानते हैं की टीम में उनका कोई विकल्प नहीं है।

### फार्म में अफ्रीका के बल्लेबाज

श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए थे। इनमें क्विंटन डिकॉक भी स्टोइनिस की तरह लखनऊ की टीम का हिस्सा हैं और उन्हें इस मैदान पर खेलने का अच्छा अनुभव है। रासी वान डेर डुसेन और विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले एडेन मार्कराम अपने दम पर मैच का पासा पलटने का माद्दा रखते हैं। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को स्पिन को खेलने में खास दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उसके पास वान डेर डुसेन, कप्तान तेम्बा बावुमा, डेविड मिलर, डिकॉक, हेनरिक क्लासेन और एडेन मार्कराम जैसे धाकड़ बल्लेबाज हैं जो स्पिन को अच्छी तरह से खेल लेते हैं।

## आठ अरब डॉलर दान में देकर बिना घर और कार के गुजार दी जिंदगी, नहीं रहे दानवीर चार्ल्स फीनी

नई दिल्ली। अरबों डॉलर की संपत्ति दान में दे देने वाले एक खुदरा उद्यमी और निवेशक चार्ल्स "चक" फीनी का निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। उन्होंने अपने जीवन में कई अरब डॉलर की संपत्ति अर्जित की और फिर इसे सब कुछ दान में दे दिया। उनके पास अपना घर और कार तक नहीं थी। उन्होंने अपना आखिरी समय किराये के मकान में गुजारा। फीनी के फाउंडेशन अटलांटिक फिलैनथ्रॉपीज ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी है कि सोमवार को सैन फ्रांसिस्को में उनका निधन हो गया। फीनी ने 1960 में कॉर्नेल विश्वविद्यालय के एक स्नातक सहपाठी के साथ लक्जरी सामानों में विशेषज्ञता वाले ड्यूटी-फ्री एयरपोर्ट स्टोर्स की एक श्रृंखला ड्यूटी फ्री शॉपर्स की स्थापना की थी। 1996 में, फीनी ने डीएफएस में अपने शेयरों को फ्रांसीसी लक्जरी सामान समूह एलवीएमएच को बेच दिया। ब्रांड की वेबसाइट के अनुसार, डीएफएस के पास कई महाद्वीपों में फैले 850 से अधिक बुटीक हैं। अटलांटिक फिलैंथ्रॉपीज के अनुसार, फीनी "गिविंग व्हाइल लिविंग" के प्रस्तावक थे, उनका मानना था कि वह मरने के बाद नींव स्थापित करने के बजाय जीवित रहने के दौरान अपनी संपत्ति का दान कर-के अधिक बदलाव ला सकते हैं। फीनी ने अपनी एक जीवनी में कहा, "जब आप मर जाते हैं तो देने की तुलना में जीवित रहते हुए देना अधिक मजेदार होता है।" फाउंडेशन के अनुसार, फीनी ने 1982 में अटलांटिक फिलैनथ्रॉपीज की स्थापना की और दो साल बाद अपनी सभी व्यावसायिक संपत्तियों को इसमें स्थानांतरित कर दिया। 2020 में, फाउंडेशन ने अपने दरवाजे बंद कर दिए और कहा कि उसने अपने सभी फंड सफलतापूर्वक दान में दे दिए हैं। फाउंडेशन ने कहा कि कुल मिलाकर, अटलांटिक फिलैनथ्रॉपीज ने पांच महाद्वीपों में कुल आठ अरब डॉलर दान के रूप में दिए इसमें से अधिकांश गुप्त दान के रूप में दिए गए। उनके दान की राशि से शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मानव अधिकारों के क्षेत्र में काम के लिए इस्तेमाल किया गया। फाउंडेशन की वेबसाइट के अनुसार, फीनी के दान की राशि का इस्तेमाल वियतनाम में बुनियादी ढांचे विकसित करने, आयरलैंड में विश्वविद्यालयों को मदद करने में किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने पर पीएम को आभार के लिए किया आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के सफलता से पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद आभार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने वृहस्पतिवार को सैदपुर विधानसभा के द्वारिका पैलेस में सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कोषाध्यक्ष रनिका जायसवाल ने कहा कि तीन दशकों से ठंडे बस्ते में लम्बित पड़ा महिला आरक्षण बिल सुखद स्वरूप में 21 सितम्बर 2023 को भारतीय संसद में पारित हो गया यह दिन भारत के इतिहास और महिलाओं के सम्मान के लिए स्वर्णिम दिवस के रुप में जाना जाएगा । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच 2047 तक भारत को विश्व का अग्रणी देश बनाने मे भारतीय महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण भागीदारी के साथ बढ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य है कि भारत की हर नारी प्रतिवर्ष लाख रुपए की बचत कर लखपति दीदी बने। रनिका जायसवाल ने कहा कि नारी शक्ति वन्दन अधिनियम नये भारत के नयी लोकतांत्रिक व्यवस्था की घोषणा है। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 33%आरक्षण महिलाओं को और सशक्त बनने और बनाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ज्यादा सहनशील और संघर्षशील है।जो घर गृहस्थी सम्हालने के साथ साथ देश सम्हालने में पुर्ण सक्षम है। जिन्होंने समय समय पर अपने महत्व को हर क्षेत्र प्रदर्शित किया है। जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश की अध्यात्मिक परम्परा और इतिहास में नारी शक्ति के साहस, त्याग , शौर्य, पराक्रम कि अनेक अनुठी गाथा और कहानियां वर्णित है। दुर्गा, काली, सरस्वती के रुप मे महत्वपूर्ण है और इस महत्व को समझने वाले देश के मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि पूर्व के काल खंड में किसी सार्वजनिक मंच और कार्यक्रमों में एक दो महिलाएं दिखती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए सिर्फ महिलाएं ही महिलाएं दिख रही है यह हर नारी के लिए गर्व है।और उन्होने नारी शक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि आज कि नारियों ने मन मे ठान लिया है 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक बार पुनः देश के प्रधानमंत्री पद पर भारी बहुमत से स्थापित करना ही उनके प्रति सच्चा धन्यवाद आभार होगा। विधायक सुनिता सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनपद में 33% महिलाओं को पहले ही प्रतिनिधित्व प्रदान कर अपने संकल्पों को पूरा किया है। सम्मेलन को लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय, डा साधना मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, सुशीला सोनकर, ब्लाक प्रमुख सीता सिंह, रूद्रा पांडेय, साधना राय ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर सम्मेलन की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन एवं दीपप्रज्वलित कर हुआ। सम्मेलन में अतिथियों का स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। स्वागत अभिनन्दन सरिता अग्रवाल ने तथा अध्यक्षीय सम्बोधन में आभार धन्यवाद अध्यक्ष अनुपमा सिंह ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पढ़कर पटल पर रखा जिसका सभी उपस्थित महिलाओं ने ध्वनिमत से समर्थन किया। सम्मेलन का संचालन पूनम मौर्य ने किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में माया सिंह , सुनिता सिंह, गुड्डी पांडेय, लालमुनि गोड, रीता देवी, वंदना कुशवाहा, विभा तिवारी, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, पंकज सिंह चंचल, संतोष चौहान, शशिकांत शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे, प्रवीण त्रिपाठी, सुधीर पटवा सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संस्कृति

दीपक पाचपोर

## आदिवासियों में पुत्र के दीर्घ जीवन के लिए मनाया जाता है चिल्हीडार और बेटा जौतिया महाव्रत



छत्तीसगढ़ का आदिवासी समाज द्वारा पुत्र के दीर्घ जीवन के लिए महिलाओं द्वारा रखे जाने वाले उपवास के बाद की महापूजा का पर्व के चिल्हीडार एवं बेटा जौतिया महाव्रत आयोजित किया जाता है। यह महापर्व अंचल में हर साल अलग-अलग स्थानों पर होता है। इस महापर्व में पूरे छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश से भी लोग शामिल होते हैं। आदिवासी इस महापर्व में ज्यादातर अपनी परम्परागत वेशभूषा और श्रृंगार के साथ मौजूद रहते हैं। सादगी से मनाए जाने इस महापर्व के अवसर पर अधिकतर नंगे पांव रहते हैं। खासकर कार्यक्रम स्थल के भीतर जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश वर्जित होता है। धोती पहने लोग ही मंच तक जा सकते हैं क्योंकि वह बहुत पवित्र जगह हो जाती है। बड़ी संख्या में महिलाएं जंवारा सिर पर लिए यहां आती हैं। इस विशाल महापर्व का आयोजन गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छ.ग. गोंडवाना संघ के तत्वावधान होता है। गोंडवाना गुरुदेव दुर्ग भगत जगत एवं गुरु माता दुर्ग दुलेश्वरी का इसे आशीर्वाद प्राप्त होता है। जहां भी इस पर्व का आयोजन होता है उसमें शामिल लोग रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन अपने घर लौटते हैं।

## पुस्तक समीक्षा

## छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति




कृति के नाव
छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति
कृतिकार
डा. पीसी लाल यादव
समीक्षक
डा. डी पी देशमुख
प्रकाशक
शिक्षादूत प्रकाशन रायपुर
मूल्य
चार सौ साठ रूपए

छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति, साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में डा. पीसी लाल यादव वर्षो से काम करते आ रहे हैं। आप अंचल की साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को अपनी लेखनी के माध्यम से रेखांकित करते रहे हैं। आप इसी संदर्भों से जुड़े पहलुओं को अपनी पुस्तक 'छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति' के माध्यम से रखा है। आपने अपनी इस पुस्तक में आंचलिक तीज-त्योहारों, लोक नाट्य, लोककथा, लोकगाथा, मेला-मड़ई, खेलकूद जैसे विषयों को आधार बनाया है। आप विषय-वस्तुओं को तथ्यों के रखने में सफल हुए हैं। इस पुस्तक का लाभ छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत को जानने और समझने वालों को अवश्य मिलेगा।

# सपाईयों ने मनाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व समाजवादी विचारक डा. राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि



प्रखर मिजार्पुर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व समाजवादी विचारक डा. राममनोहर लोहिया की 56वीं पुण्यतिथि समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर डा0 लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। देश में व्याप्त गैर बराबरी को समाप्त कर समतामूलक समाज बनाने का संकल्प लिया गया। आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने डा. लोहिया के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. साहब समता, समानता, बन्धुत्व के पक्षधर थे। डा0 लोहिया जी अगस्त 1942 की क्रांति के अग्रदूत थे। डा0 लोहिया ने देश में समाजवादी विचारधारा को प्रतिपादित किया। उन्होंने सप्तक्रांति का नारा देकर नर-नारी की भी असमानता दूर करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष ने कहा भारत में समाजवादी विचारधारा को एक आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने एवं उसे प्रभावशाली ढंग से प्रचारित करने वाले चिंतक थे। डॉ0 राम मनोहर लोहिया एक गांधीवादी चिंतक, राजनीतिक, इतिहासकार, अर्थशास्त्री, दार्शनिक तथा विख्यात लेखक थे।उन्होने कहा कि वह अन्याय, जुल्म और शोषण के खिलाफ सदैव संघर्ष करते रहे। डॉ लोहिया को निरंकुश शासन स्वीकार्य नहीं था ,वह आर्थिक एवं राजनीतिक विकेंद्रीकरण के समर्थक थे।। उन्होंने जाति तोड़ो समाज जोड़ो का नारा दिया था, उन्होंने जातिविहीन समाज की कल्पना की थी।विचार गोष्ठी को पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, आशीष यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, जवाहर लाल मौर्या, स्वामी शरण दूबे, नूरबानो, आदर्श यादव आदि रहें।

## वेंडिंग जोन हटाने पर यूपी सिंचाई विभाग द्वारा नोटिस दिए जाने के विरोध में रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों ने नोटिस की प्रतियां जलाकर दिखाया आक्रोश किया प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल हरिद्वार। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली 2016 के नियम अनुसार उत्तराखंड सरकार के निर्देशन में हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए वेंडिंग जोन प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन, द्वितीय रोड़ी बेलवाला महिला पिंक वेंडिंग जोन, तृतीय ज्वालापुर पुल जटवाड़ा पर बनाए गए वेंडिंग जोन को उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा पुंन तीसरी बार निरस्त किए जाने की कार्रवाई पर नगर निगम प्रशासन को नोटिस दिए जाने के विरोध में लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों ने भारी तादाद में त्रिशूल चौक से इकट्ठा होकर पैदल मार्च निकालकर चंडी चौराहे तक उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों लघु व्यापारियों ने चंडी घाट चौराहे पर यूपी सिंचाई विभाग द्वारा तीसरी बार दिए जा रहे नोटिस की प्रतियां फूक कर यूपी सिचाई विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी दी इस अवसर पर लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा रेहड़ी पटरी के लघु व्यापारियों को अनावश्यक रूप से उत्पीड़ित किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में पूरे भारतवर्ष के रेहड़ी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों को राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत मुख्यधारा में लाकर राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम के नियम अनुसार वेंडिंग जोन, हॉकिंग जोन के रूप में स्थापित किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है उन्होंने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा महिला उद्यमिता सहायता समूह और महिला स्ट्रीट वेंडर्स के संयुक्त गठजोड़ कर महिला पिंक वेंडिंग जोन के रूप में स्वरोजगार के अवसर दिए जा रहे हैं सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वेंडिंग जोन की कार्रवाई को निरस्त किए जाने का नोटिस देना राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम का घोर उल्लंघन है।

# आ रहे हैं त्योहार, रखें साफ-सफाई व स्वास्थ्य का ख्याल सीएमओ ने की अपील

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। त्योहारों का सीजन आ रहा है। यही मौका है कि घर, छत व आसपास के स्थानों की अच्छे से साफ-सफाई कर ली जाए। छत पर पड़े निष्प्रयोज्य बर्तनों, बोतलों, गमलों, टायरों, कूलर आदि में एकत्रित पानी को अलग कर सफाई कर ली जाए। घर के बाहर लगी झाड़ियों की कटाई कर ली जाए। जमा हुई गंदगी, कचरा आदि को भी दूर कर लिया जाए। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ देश दीपक पाल का। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि घर व आसपास कहीं भी जल जमाव या गंदगी एकत्रित न होने दें, क्योंकि जिन स्थानों पर पानी ठहरेगा या जल जमाव की स्थिति पैदा होगी, वहाँ मच्छरों का लार्वा पनपेगा। इसकी वजह से वेक्टर (मच्छर, मक्खी आदि) जनित विभिन्न संक्रामक व संचारी रोग उत्पन्न होंगे। त्योहार के समय में सभी का स्वास्थ्य बेहतर हो, खुशहाल हो, इसके लिए हमें जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है। सीएमओ ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य समेत 10 विभागों के सहयोग से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह



अभियान भी संचालित किया जा रहा है। वायरल फीवर और डेंगू पर प्रभावी रोकथाम व नियंत्रण के लिए निरोधात्मक गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। इस सम्बंध में जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद में डेंगू, मलेरिया व मच्छर जनित अन्य बीमारियों को रोकने के लिए जन-जागरूकता का कार्य किया जा रहा है जिससे स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखा जा सके। आशा कार्यकताओं के माध्यम से घर-घर जाकर जन-जागरूकता के माध्यम से बदलते मौसम, संचारी रोगों से बचाव और साफ-सफाई के बारे में जानकारी दी जा रही है। शहरी क्षेत्र के लिए गठित की गयी नगर पालिका की टीम वार्ड और मोहल्लों में जाकर जन-जागरूकता के साथ ही फॉगिंग और एंटी लार्वा के छिड़काव का कार्य कर रही हैं, जिससे इन बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने बताया कि वेक्टर जनित अधिकतर बीमारियाँ मच्छरों के काटने से फैलती हैं। इन बीमारियों से बचने के लिए मच्छरों से बचाव करना बहुत जरूरी है। इसके लिए घर व आस-पास साफ-सफाई रखें तथा जल का भराव न होने दें। झाड़ियों और नालियों को साफ सुथरा रखें, आसपास रुके हुए पानी में जला हुआ मोबिल आयल या मिट्टी का तेल डालकर लार्वा को नष्ट करें, घर के दरवाजे और खिड़की पर मच्छर रोधी जाली लगाएं। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। कूलर, फ्रिज आदि को साप्ताहिक रूप से साफ करें। छत पर निष्प्रयोज्य बर्तन, पाइप, टायर, नारियल के खोल आदि न डालें। गमलों और फूलदानों को भी साफ रखें।

डीएमओ मनोज कुमार के अनुसार इस साल अब तक डेंगू के 167 मरीज मिले हैं। डेंगू से अभी तक किसी की मृत्यु नहीं हुई है। वर्ष 2022 में 176 और 2021 में 115 डेंगू के एलाइजा पुष्ट मरीज पाये गए थे। डीएमओ ने बताया कि बुखार की स्थिति में मरीज को पूरी तरह से आराम करना चाहिए। अधिक से अधिक तरल पदार्थों जैसे ताजे फलों का जूस, दाल का पानी, नारियल पानी, ओआरएस घोल, दूध-छाछ, ताजे फल, प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत करने वाले खाद्य पदार्थों आदि का सेवन करना चाहिए। तले भुने, गरिष्ठ भोजन, दर्द निवारक दवाओं आदि से बचना चाहिए।

डीएमओ ने बताया कि आम लोग यह नहीं समझ पाते हैं कि उन्हें मलेरिया हुआ है या डेंगू या सामान्य बुखार है। मलेरिया का बुखार ठंड देकर आता है तो डेंगू में लगातार बुखार के साथ हड्डियों-जोड़ों में दर्द रहता है। इस तरह के कोई भी लक्षण होने पर तुरंत नजदीकी प्राथमिक या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर चिकित्सक से परामर्श लेकर मलेरिया और डेंगू की जाँच करानी चाहिए। जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर मलेरिया व डेंगू के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

## अंतराष्ट्रीय एथलेक्टिस में गोल्ड मेडल पाने वाले खिलाड़ी आर्यन गुप्ता को नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया सम्मानित



प्रखर मिजार्पुर। इंडो नेपाल काठमांडू के आयोजित अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स में दस किलोमीटर ट्रैक रनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का मान सम्मान बढ़ाने वाले मीरजापुर के खिलाड़ी आर्यन गुप्ता को नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।बता दे उत्तर प्रदेश के मीरजापुर से एक मात्र खिलाड़ी आर्यन गुप्ता ने काठमांडू के रंगशिला स्टेडियम में बढ़िया प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया है।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा की आज मीरजापुर के खिलाड़ी आर्यन गुप्ता ने काठमांडू में हुए अंतराष्ट्रीय एथलेक्टिस में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। मीरजापुर में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नही है। इस बार भारत ने चीन में हुए 19वे एशियन गेम्स में पहली बार इतिहास रचते हुए सौ से ज्यादा पदक हासिल किया है।इन खिलाड़ियों ने बीते ओलंपिक में भी बढ़िया प्रदर्शन किया था।

## सब्सिडी के साथ आ गई सोलर रूफटॉप योजना, आम जन कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में सोलर रूफटाप योजना का लाभ अब जनपदवासी ले सकते हैं।इसके लिए सरकार सब्सिडी भी दे रही है। नोडल अधिकारी हिमांशु जायसवाल ने बताया कि सोलर रूफटाप योजना का लाभ लेने के लिये सबसे पहले उपभोक्ता के पास एक वैध विद्युत कनेक्शन होना चाहिये।उपभोक्ता के पास जितने किलोवाट का विद्युत कनेक्शन होगा उसके घर पर उतने ही लोड का सोलर रूफटाप लगेगा।इसके लिये उपभोक्ता को आनलाइन आवेदन करना होगा।उसके बाद विभाग द्वारा उपभोक्ता का सत्यापन करने के बाद उसके घर पर एक नया मीटर लगाया जायेगा जिसमें घरेलू बिजली की खपत और सोलर का उत्पादन दोनों की रीडिंग होगी।जैसे उपभोक्ता यदि सोलर के द्वारा 2 किलोवाट का विद्युत उत्पादन करता है और उसकी खपत 3 किलोवाट की है तो उपभोक्ता को केवल 1 किलोवाट के बिजली का भुगतान करना पड़ेगा।जैसे यदि किसी उपभोक्ता का बिजली का बिल 1500 रुपया का आ रहा है और वो 1200 रुपया का सोलर से विद्युत उत्पादन कर रहा है तो उसे केवल 300 रुपया का भुगतान करना होगा।यदि उपभोक्ता खपत से अधिक विद्युत उत्पादन करता है तो उसे सरकार द्वारा उसका अतिरिक्त भुगतान किया जायेगा।

## तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 2023 में बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा प्रदर्शित रनिंग लोको मॉडल बना आकर्षण का केंद्र




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी 12 से 14 अक्टूबर 23 तक प्रगति मैदान नई दिल्ली में लगाई गई है` इस आयोजन से उद्योग और भारतीय रेलवे के प्रमुख हितधारकों की भागीदारी में मुख्य रूप से जर्मनी, जापान, रूस और यूके कंट्री पवेलियन के साथ 11 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में नए प्रदर्शनी केंद्र के पांच हॉलों में फैले लगभग 30,000 वर्गमीटर के प्रदर्शनी क्षेत्र को कवर करते हुए नवीनतम प्रौद्योगिकियों और सेवाओं का प्रदर्शन कर रहे हैं भारतीय रेलवे ने अब तक का सबसे बड़ा मंडप स्थापित किया है जो इस क्षेत्र में भारत की ताकत, क्षमताओं और इसके विस्तार और आधुनिकीकरण योजनाओं के लिए भारतीय रेलवे की भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित कर रहा है तीन दिवसीय कार्यक्रम में समवर्ती अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, बैठकें और खरीदार-विक्रेता बैठकें शामिल हैं जो सभी हितधारकों के लिए रेल परिवहन क्षेत्र में तकनीकी प्रगति, हितधारकों के साथ नेटवर्क और एक ही मंच के तहत ज्ञान साझा करने का अवसर दे रहा है` बनारस रेल इंजन कारखाना मण्डप को मुख्य गुणता आशवासन प्रबन्धक प्रवीण कुमार की देखरेख में लगाया गया है जहां बरेका सभी उत्पादन इकाइयों और क्षेत्रीय रेलवे के साथ भारतीय रेलवे की ताकत क्षमताओं और भविष्य की आवश्यकताओं को प्रदर्शित करते हुए इस प्रदर्शनी में भाग ले रहा है बरेका के जनसंपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने रेल प्रदर्शनी से सम्बंधित थीम व अन्य प्रदर्शन सामग्री का विस्तृत जानकारी उपस्थित आगंतुको के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमे विभिन्न प्रदर्शित रेल लोको मॉडल तथा बरेका की रेल इंजन निर्यात क्षमता, वर्तमान उपलब्धियां को इंफोग्राफिक के माध्यम से दशार्या गया है। इस प्रदर्शनी में मुख्यतः बनारस रेल इंजन कारखाना द्वारा निर्मित किए जा रहे लोको संबंधित डिस्प्ले पोस्टर्स, पम्पलेट के माध्यम से आगंतुकों को अवगत कराते हुए विभिन्न प्रकार के डीजल एवं विद्युत रेल लोको मॉडल को सुंदरतम ढंग से दशार्या गया है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है साथ ही स्क्रैप से बनाए गए मॉडल आगंतुकों का मन मोह रहे है डबल्यू ए पी 7, डबल्यू ए जी 9 विद्युत लोको का वर्किंग मॉडल बच्चों के साथ दर्शकों में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है इस प्रदर्शनी मे बरेका मंडप में लगे हुए लोको मॉडलों के साथ आगंतुको द्वारा सेल्फी लेने का क्रेज देखा गया। बरेका मंडप में मुख्य यांत्रिक इंजीनियर,प्लानिंग पूर्व रेलवे मनीष कुमार गुप्ता, मुख्य अभिकल्प इंजीनियर, डीजल आर आर प्रसाद, मुख्य विद्युत इंजीनियर, लोको अरूण शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# समाजवादियों ने मनाई डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती, गोष्ठी का किया आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर देश के समाजवादी पुरोधा रहे, समाजवादी विचारक एवं चिन्तक ,स्वतंत्रता-संग्राम के प्रमुख सेनानी, अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाने वाले तथा भारत में गैर कांग्रेस वाद के शिल्पी रहे डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश में समता मूलक समाज बनाने एवं आज की राजनीति में बढ़ रहे कुरीतियों एवं कुप्रथाओं के साथ साथ देश पर हुकूमत कर रही दमनकारी सरकार को बेदखल करने और उसके खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस गोष्ठी में तमाम वक्ताओं ने लोहिया जी के द्वारा समय समय परदिये गये नारे "जाति तोड़ो समाज जोड़ों, "जिन्दा कौमें पांच साल का इन्तजार नहीं करती, "जब तक भूखा इंसान रहेगा,तब तक धरती पर तुफान रहेगा , "जब सड़कें सूनी हो जाती है तो संसद आवारा हो जाती है," पर भारतीय राजनीति पर पड़े प्रभाव की गंभीर रूप से चर्चा करते हुए लोहिया जी को अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन का महानायक बताया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने श्रद्धाजंलि अर्पित



करते हुए कहा कि लोहिया जी आजीवन सदियों से वंचित, शोषित, पीड़ित समाज के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए संघर्ष करते रहे। उनका त्याग और उनका संघर्ष हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर देश की सत्ता पर हुकूमत कर रही दमनकारी, तानाशाह भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज देश के वर्तमान राजनैतिक दौर में जब जातिवाद और सम्प्रदायवाद चरम सीमा पर है , जब जातिवाद, साम्प्रदायिकता का नंगा नाच हो रहा हो और वर्तमान हुकूमत लोकतंत्र और संविधान की भावनाओं को कुचलने में लगी हो ऐसे दौर में डा. लोहिया जी पुनः प्रासंगिक हो उठे हैं ।उन्होंने कहा कि डॉ लोहिया जी सामाजिक न्याय की लड़ाई के महान योद्धा थे । सामाजिक न्याय की वकालत करते हुए लोहिया जी ने "संसोपा ने बांधी गांठ -सौ में पिछड़े पांवें साठ" का नारा दिया था । इस देश के समाजवादी आंदोलन का मुख्य सार ही सामाजिक न्याय रहा है । समाजवादी आंदोलन के सभी नेताओं ने चाहे वह बड़ी जाति के रहे हो या पिछड़ी जाति के सभी ने इस देश के सभी गरीबों और पिछड़ों को विशेष सुविधा प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाने की वकालत की थी । लोहिया जी का सपना था कि देश से जाति प्रथा समाप्त कर ऐसा समाज बनाया जाय जिसमें सभी को सामाजिक और आर्थिक समानता प्राप्त हो।

पुर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव ने विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ लोहिया देश में अंग्रेजी हटाओ आन्दोलन के प्रणेता थे, वह इस मुद्दे पर बेबाक राय रखते थे, स्वभाषा उनके लिए कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं था, वह इसके सहारे देश के लाखों करोड़ों लोगों को हीन ग्रंथि से उबारकर उनके अन्दर स्वाभिमान भरने का सपना था। डॉ लोहिया न केवल गंभीर चिंतक थे बल्कि वह सच्चे कर्मवीर थे। पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य रामधारी यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ लोहिया ही थे जो राजनीति में शुचिता और शुद्ध आचरण की बात करते थे। आज राजनीति में जाति,धर्म, पूंजी, बाहुबल,के बढ़ते दखल से भी राजनीति का रास्ता काफी टेढ़ा मेढ़ा हो गया है। आज हम सभी को डॉ लोहिया जी को याद करते हुए राजनीति में शुचिता और नैतिकता स्थापित करने के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेने की जरूरत है। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, राम जी राय, रविन्द्र प्रताप यादव, डॉ सीमा यादव, तहसीन अहमद, कन्हैयालाल विश्वकर्मा,राजेंद्र यादव, अवधेश यादव उर्फ राजू यादव, कमलेश यादव,सुबच्चन यादव,सदानंद यादव, सुनील यादव, मो.जुम्मन,आत्मा यादव, विजय शंकर यादव,मारकन्डेय यादव,सत्या यादव ,दिनेश यादव,जमुना यादव,केसरी यादव, कैलाश नाथ यादव, नफीसा बेगम, रीता विश्वकर्मा, रीना यादव, कंचन रावत, सतिराम यादव, वैजू यादव, विंध्याचल यादव, प्रभु नाथ राम रामदरश पाल, श्यामा यादव, अम्बिका यादव राजेश कुमार यादव, सुनीता यादव रामविजय चौहान, राजेश यादव, दारा यादव,राजेश गोड़, जयराम यादव अशोक यादव राजकिशोर यादव, द्वारिका यादव आदि शामिल रहे। इस गोष्ठी का संचालन जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# जिले को निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने हेतु परिचर्चा विषय पर सेमिनार का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रामनगर क्षेत्र स्थित होटल गुलाब कोठी में इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (IACC) एवं विदेश व्यापार महानिदेशालय कार्यालय वाराणसी संयुक्त रूप से रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के सहयोग से रामनगर में जिले को निर्यात हब के रूप में विकसित करने पर परिचर्चा विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वक्ता राजीव कुमार सोनी, आईटीएस, संयुक्त महानिदेशक, विदेश व्यापार, भारत सरकार ने उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी उद्यमी भयमुक्त होकर अपने निर्यात को बढ़ाने का हर संभव प्रयाश करे सरकार हर प्रकार से सहयोग करने के लिए सदैव तत्पर तैयार है। विदेश व्यापार निति 2023 के अनुसार हमें 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात तक पहुंचना होगा निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार अनेक सुविधाएं एवं सहयोग दे रही है साथ ही नए उद्यमियों को निर्यात के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित भी कर रही है।

श्री सोनी ने कहा कि ई- कॉमर्स निर्यात एक आशाजनक श्रेणी है विभिन्न अनुमान 2030 तक 200 से 300 अरब डॉलर के बीच ई-कॉमर्स निर्यात क्षमता का सुझाव देते हैं एफटीपी 2023 ई-कॉमर्स हब और भुगतान समाधान, बही खाता, रिटर्न नीति और निर्यात अधिकार जैसे संबंधित तत्वों की स्थापना के इरादे और रोडमैप की रूपरेखा तैयार करता है शुरूआती बिंदु के रूप में एफटीपी 2023 में कूरियर के माध्यम से ई-कॉमर्स निर्यात पर खेपवार सीमा को पांच लाख से बढ़ाकर दस लाख कर दिया गया है यह आउटरीच और प्रशिक्षण गतिविधियाँ कारीगरों, बुनकरों, परिधान निमार्ताओं, रत्नों और आभूषण डिजाइनरों की क्षमता निर्माण के लिए शुरू की गई हैं ताकि उन्हें ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर शामिल किया जा सके और उच्च निर्यात की सुविधा मिल सके। श्री सोनी ने कहा कि वाणिज्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल माल निर्यात रु.550 करोड़, और वित्त वर्ष 2023-24 में, (अप्रैल 2023 से जुलाई 2023 तक) कुल व्यापारिक निर्यात रु.160 करोड़ का लेन-देन हुआ है। सेमिनार के प्रारम्भ में इंडो अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (IACC) के चेयरमैन राजेश कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया` राजेश तिवारी ने कहा कि आई ए सी सी भारत-अमेरिका के बिच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है दोनों देशों के बिच विभिन्न व्यावसायिक संगठनो के साथ गढ़बंधन कर एवं लगातार भारतीय और अमेरिकी सरकारों के साथ बातचीत करती है और व्यापार बढ़ाने का हर संभव प्रयाश कर रही है आइ.ए. सी.सी. (IACC) अपनी सदस्य कंपनियों के लिए दोनों सरकारों के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य कर रहा है।

रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने कहा कि इस समय सरकार द्वारा जिस तरह से निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिये जो सुविधाये दी जा रही है वो काबिले तारीफ है और रामनगर औद्योगिक क्षेत्र जो कि पूर्वांचल का सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है यहाँ के कई फैक्टरियों में उत्पादित माल की गुणवत्ता इतनी अच्छी है कि उनके माल का विदेशों में बहुत! माँग है यहाँ तक कि अमेरिका में भी रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादित मशीने जा रही है इस तरह की बैठकों से उद्यमियों में एक जागरूकता और निर्यात करने का प्रोत्साहन भी मिलता है और निश्चित ही आगे और भी उद्यमी विदेशो में अपना बाजार तलाशेंगे।

एमएसएमई सेक्टर हिन्दुस्तान की आर्थिक उन्नति की रीढ़ की तरह है जो देश की GDP में 27 % का योगदान करता है एमएसएमई, कृषि क्षेत्र के बाद यह दूसरा क्षेत्र है जिसमें रोजगार पैदाकर बेरोजगारी को दूर करने और आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देता है एमएसएमई (MSME) उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार देश में करीब 96% सूक्ष्म उद्योग, 3.5 % लघु उद्योग तथा 0.3 % मध्यम उद्योग हैं एमएसएमई (MSME ) मंत्रालय, भारत सरकार नए रोजगार एवं औद्योगिक क्रांति के लिए सतत प्रयास कर रही है जिसके लिए Entrepreneurship-cum skill development के माध्यम से युवक एवं युवतियों को प्रशिक्षण के पश्चात पीएमईजीपी स्कीम (PMEGP Scheme) के माध्यम से नए रोजगार स्थापित करने हेतु पूर्ण रूपेण हैंड- होल्डिंग सहायता दी जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपभोक्ता की शुविधा ही हमारा परम् ध्येय: प्रबंधक रवि कुमार साहू



प्रखर जौनपुर। सरकारी बैंकों में घण्टो लाइन लगाना। बड़ी मुश्किलों से कार्यों का क्रियान्वयन होना,बड़ी तकलीफ व चप्पल घिसने के बाद ऋण की स्वीकृति जैसी बातें आमजनमानस के जेहन में घर कर गया है या कहें कि सरकारी बैंकों को लेकर आमजनमानस की यही राय रहती है और हो क्यों न ऐसी कार्यप्रणाली से ही अधिकतर शाखाओं पर कार्य किये जातें है ।पर इस अवधारणा को केराकत एसबीआई शाखा के प्रबंधक रवि कुमार साहू ने मिथक साबित करते हुए उपभोक्ताओं को पूरे कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ क्रियान्वित करवा रहें हैं। केराकत एसबीआई शाखा पर इन दिनों उपभोक्ताओं की सुविधा का खासा ख्याल रखा जा रहा है ।उपभोक्ताओं को सभी प्रकार की सुविधा मानक के अनुरूप दिया जा रहा है ।खास तौर पर जबसे प्रबंधक रवि कुमार साहू आये हैं तब से उनके शाखा पर आने से कार्य में तेजी भी आई है ।उनका कहना है कि उपभोक्ताओं की सुविधा ही हमारा परम ध्येय है। हम उपभोक्ताओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए सभी मानकों के अनुरूप कार्य कर रहें है ।आशा है कि जिसमे किसानों व व्यपारियों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े और उनका कार्य सुचारू रूप से चलता रहे ।और उपभोक्ताओं का जुड़ाव बैंक से सदैव बना रहे ।श्री साहू नें कहा कि हम सदैव उपभोक्ताओं के लिए तत्तपर हैं व रहेंगे।

### सर्वम सेवा संस्थान के संस्थापक संजय भट्टाचार्य को वाराणसी महापौर अशोक तिवारी ने किया सम्मानित




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सर्वम सेवा संस्था द्वारा जनहित में संजय भट्टाचार्य (संस्थापक) समाजसेवी एवं सूरज मौर्या (सेक्रेटरी) द्वारा लोटुबीर बाबा मंदिर से रमना पटेल चौराहा तक जहाँ पर आये दिन चोरी एवं छिनैती होता था लाइट की व्यवस्था आज तक नही किया गया। संस्था के संस्थापक संजय भट्टाचार्य द्वारा लोटुबीर बाबा मंदिर से रमना चौराहा तक 11 सौर उर्जा खम्बा लाइट बैटरी के साथ एवं खम्बे पे 50 लाइट लगाया गया जिससे यहाँ की जनता में खुशी की लहर दौड़ गयी। सर्वम सेवा संस्था के सेक्रेटरी सूरज मौर्या ने बताया की वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी को जानकारी हुआ तो संस्था के संस्थापक को बुलाकर सम्मानित किये एवं भविष्य में ऐसे नेक कार्य करने के लिए अनुरोध किया।

### पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट ताड़ीघाट रेलवे ब्रिज पर पहली बार चली कोयला लदी ट्रेन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट रेल कम रोड ब्रिज सोनवल से गाजीपुर सिटी जाने वाली नई रेल लाइन पर पहली ईसीआर के ट्रायल बेस के तौर पर कोयला व उसका डस्ट लदी लोडेड वाली गुड्स ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया, मालगाड़ी ट्रेन झारखंड से डीडीयू होते हुए दिलदारनगर जंक्शन से बीस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलकर सोनवल नये स्टेशन के चार नंम्बर कामन लूप लाइन जाकर खडी हो गई। पुनः सोनवल से गाजीपुर सिटी स्टेशन के लिए रवाना हुई, जो करीब 40 से 45 की गति से सिटी स्टेशन पहुंची। हालाकि इस दौरान पुल पर कई जगहों पर ब्रेक पावर की टेस्टिंग भी की गई। गुड्स ट्रेन के सकुशल गुजरने के बाद महकमें ने राहत की सांस ली। इधर सबसे हैरानी की बात है कि पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत दिलदारनगर के पीडब्लूआई दिलीप कुमार ने दिलदारनगर से सोनवल के बीच पीक्यूआर न होने के चलते गुड्स ट्रेन को चलाने के लिए अपनी सहमति नहीं दी। अब लोगों में इस बात को लेकर चचाएं है कि जब गुड्स ट्रेन चलने लायक यह ब्रांच लाइन नहीं थी तो इसे आखिर किन परिस्थितियों में रवाना किया गया,लोगों ने कहा कि अगर उस दौरान ट्रेन हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। बहरहाल इस बात को लेकर महकमा चुप्पी साधे हुए है। सोनवल स्थित रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर जी बी सिंह ने बताया कि यह लोडेड गुड्स ट्रेन झारखंड से डीडीयू से दिलदारनगर, सोनवल से सिटी स्टेशन, उसके बाद वाराणसी सिटी होते हुए गोरखपुर की ओर इसे जाना है। इस अवसर पर टी आई संजय कुमार, पीडब्लूआई एनईआर निशांत कुमार सिंह, यातायात निरीक्षक मनीष राज, लोको निरीक्षक वाराणसी रामबली विक्रम, एनएस सिद्दीकी स्टेशन अधीक्षक गाजीपुर सिटी आदि मौजूद रहे।

# बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स द्वारा लिवफास्ट बैटरी के डीलर मीट का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स द्वारा लिवफास्ट बैटरी के डीलर मीट का आयोजन मलदहिया स्थित एक होटल परिसर में किया गया जो वर्ष 2022-23 के संदर्भ में था जिसमें हमारे डीलर भाईयों द्वारा उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए हमारी कंपनी के मुख्य अतिथि वीपी समीर शर्मा द्वारा उनको सम्मानित किया गया जिसमें लिवफास्ट बैटरी और बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स के बढ़ते व्यवसाय को आगे ले जाने में हमारे डीलर भाइयों का पूर्ण सहयोग मिला और आगे भी मिलता रहेगा तथा व्यवसाय निरंतर आगे बढ़ता रहेगा ये एक अच्छी डीलर मीटिंग का आयोजन था जिसके लिए डीलर भाइयों को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं और आशा कर्ता हूं कि ऐसे ही आप सभी डीलर भाइयों का सहयोग मिलता रहेगा। उक्त बातें डीलर मिट में बोलते हुए बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स के निदेशक आलोक सिंह ने कहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कम्पनी के वॉइस प्रेसिडेंट समीर शर्मा, ए०जी०एम० सुरेंद्र कुमार, बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स के निदेशक आलोक सिंह, अनूप सिंह ए०के० बैटरी, अनुज सिंह लक्ष्मी बैटरी, आशुतोष सिंह शक्ति इंटरप्राइजेज, राजेश गुप्ता राज बैटरी, संजय सिंह नेशनल बैटरी, मनीष सिंह नारायण इंटरप्राइजेज, नीरज केशरी नीरज इंटरप्राइजेज समेत सैकड़ो की संख्या में डीलर बन्धु उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद काशी प्रांत द्वारा प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता राष्ट्र आराधना का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद काशी प्रांत द्वारा प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता राष्ट्र आराधना का आयोजन सेठ एम०आर० जैपुरिया स्कूल, बाबतपुर में हुआ आयोजन। काशी प्रांत के 18 शाखाओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभागन किया काशी प्रांत के अंतर्गत 10 जिलों की शाखाओं ने अपने अपने क्षेत्र के विभिन्न स्कूल में जाकर इस प्रतियोगिता को संपन्न कराया विभिन्न शाखाओं के विजेता टीम प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में प्रतिभागन करती हैं। प्रांत स्तर पर विजयी टीम रीजन स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी यह प्रतियोगिता हिंदी व संस्कृति दो भाषाओं में होती है हिंदी में प्रथम स्थान सिल्वर ग्रोव पब्लिक स्कूल व संस्कृत में प्रथम स्थान संत अतुलानंद कन्वेंट स्कूल कोईराजपुर वाराणसी का रहा। हिंदी व संस्कृत दोनों भाषाओं की प्रतियोगिता को मिलाकर सिल्वर ग्रोव पब्लिक स्कूल सर्वोच्च अंक प्राप्त कर



प्रथम स्थान प्राप्त किया व रिजनल प्रतियोगिता में काशी प्रांत का प्रतिनिधित्व करेगी` उक्त प्रतियोगिता में उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर ए०के०त्यागी, कुलपति काशी विद्यापीठ ने छात्रों के मध्य राष्ट्र प्रेम व संस्कार प्रसारित करने हेतु भारत विकास परिषद को साधुवाद दिया वह कहा कि आज के विषम परिस्थितियों में यह बहुत ही आवश्यक है। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक कुमार बजाज चेयरमैन सेठ एमआर जैपुरिया स्कूल बनारस ने अपना आशीर्वचन दिया व बच्चों को अनेको प्रेरणास्पद कहानियों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उक्त अवसर पर भारत विकास परिषद के नेशनल वाइस चेयरमैन संपर्क ब्रह्मानंद पेशवानी, रीजनल महासचिव नवीन श्रीवास्तव, रीजनल सचिव संस्कार अशोक अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल व अन्य दायित्वधारीगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रांतीय वित्त सचिव राकेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

# पीजी कालेज में 32 सूत्रीय मांगो को लेकर छात्रों का अनिश्चित कालीन धरना शुरू

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को पीजी कॉलेज के प्रांगण में छात्रों ने महाविद्यालय में हो रही समस्या को लेकर 32 सूत्रीय मांगों के सम्बन्ध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि छात्रों से महाविद्यालय में अवैध वसूली किया जा रहा है और छात्रों कि समस्या सुनने वाला समय पर कोई नहीं रहता है और छात्रसंघ चुनाव कराने में महाविद्यालय आनाकानी कर रहा है,जिसे छात्र बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेता निखिल राज भारती ने कहा कि महाविद्यालय में बीपीई का प्रवेश परीक्षा ले लिया गया है परन्तु अब तक न तो रिजल्ट जारी किया है और ना ही प्रवेश लिया गया है जबकि सभी अन्य संकायों में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, महाविद्यालय द्वारा छात्रों पर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है, वही छात्र नेता प्रिंस प्रजापति ने कहा कि प्राचार्य महाविद्यालय में समय से नहीं आते हैं और मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं और महाविद्यालय द्वारा छात्रों का आर्थिक के साथ ही मानसिक शोषण किया जा रहा है। छात्र नेता शैलेश यादव ने कहा कि सभी 32 सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। छात्रों कि प्रमुख मांग मुख्य रूप से पुस्तकालय में नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत पुस्तकें उपलब्ध कराने, कालेज कि वेबसाइट पर सभी सूचना और नई फीस विवरण उपलब्ध कराने, छात्रसंघ चुनाव कराने, कालेज के कैमरों को ठीक करने के साथ ही महाविद्यालय के गलियारों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, साइकिल स्टैंड फीस कम करने, कालेज कि वेबसाइट को सरल करने, कालेज की वेबसाइट पर शिकायत पोर्टल उपलब्ध कराने के साथ ही महाविद्यालय में आफलाइन शिकायत काउन्टर बनाने, स्नातक द्वितीय, तृतीय स्नातकोत्तर द्वितीय में प्रवेश फार्म शुल्क निशुल्क करने सहित आदि मांग है। धरना में शामिल छात्र नेता आरती बिन्द,




रूची राय, धीरज सिंह, धन्नजय सिंह कुशवाहा, आकाश कुमार चौधरी, अमृतांश बिन्द, निलेश बिन्द,आकाश सिंह, ईश्वर यादव, राहुल कुमार, अभिषेक वर्मा,राम आशीष कुमार, रणविजय प्रताप,प्रशान्त कुमार, कृष्णा नन्द शर्मा,सत्यम शर्मा, सचिन यादव, सुजीत यादव,अनुप यादव,विजय कुमार, नितेश कुमार, आदित्य पाण्डेय, आलोक राय,अनुप बिन्द ,आकिब खां,शनि कुमार साहनी, दीपक उपाध्याय, प्रिंस प्रजापति, निखिल राज भारती आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बृहस्पतिवार को स्वं डां राममनोहर लोहिया के पूण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर श्रधांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में अपना विचार रखते हुए विधायक तूफानी सरोज ने कहा देश की राजनीति में स्वत्रंत्रता आंदोलन के दौरान स्वत्रंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया जिनमें एक डां राममनोहर लोहिया थें। कहा कि लोहिया ने देश की राजनीति में भावी बदलाव की बयार आजादी से पहले ही ला दी थी।अपनी प्रखर देश भक्ति और तेजस्वी समाजवादी विचारों के कारण वह अपने समर्थकों के साथ ही अपने विरोधियों के मध्य भी अपार सम्मान हासिल किया। कहा लोहिया ने सदा दलित पिछड़े अल्पसंख्यक के आवाज रहे। उनके विचारधारा को आगे बढाने का काम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे हैं। अध्ययता करते हुए नि० जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल ने कहा डां राममनोहर लोहिया मानव की स्थापना के पक्षधर समाजवादी थें वह समाजवादी भी



इस अर्थ में थे कि समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वह अपने कार्यक्षेत्र को जनमंगल की अनुभूति से महकाना चाहते थें ।वह चाहते थे कि व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेद,कोई दूराव और कोई दीवार न रहे। सब जन समान हो सब जन का मंगल हो उन्होंने सदा ही विश्व-नागरिकता का सपना देखा था मानव-मात्र को किसी देश का नहीं बल्कि विश्व का नागरिक मानते थे। गोष्ठी मे मुख्य रूप से पूर्व विधायक ललंन प्रसाद यादव, लालबहादुर यादव, प्रभान्नद यादव, राकेश मौर्या, राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, राजेन्द्र टाइगर, श्रवण जयसवाल, संजय सरोज, दीपचंद राम, विवेक रंजन, राममूर्ति सरोज, इर्शाद मंसूरी, मेवालाल गौतम, निजामुद्दीन अंसारी, श्याम बहादुर पाल, कलीम अहमद,राजदेव पाल, डा. मनोज यादव, राम इकबाल यादव शर्मिला यादव, श्याम नरायण बिन्द, अन्नपूर्णा, अखिलेश यादव अनील दूबे, राजकुमार बिन्द, रमाकांत यादव, सत्यनारायण यादव,डां जग बहादुर यादव, हरिचंद प्रभाकर, धर्मेंद्र सोनकर, सुभाष पाल, विक्की यादव आदि संचालन नि० महासचिव अंखड प्रताप यादव ने किया।

# शिक्षकों के बीच श्रेष्ठ कार्य करने हेतु कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश किए गए सम्मानित

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले शैक्षिक संगोष्ठी का किया गया आयोजन



प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के बैनर तले राष्ट्र के हित में शिक्षा शिक्षा के हित में शिक्षक के हित मेरे समाज विषयक संगोष्ठी का आयोजन वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया जिसके अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री पीजी कालेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के प्राचार्य प्रो० डा० उदयन मिश्र,मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ काशी विभाग के बौद्धिक प्रमुख दिनेश पाठक,विशिष्ट अतिथि मलिकपुरा पीजी कालेज गाजीपुर के प्राचार्य प्रो० डा० दिवाकर सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी रहे ।कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" एवं जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला विंग की जिलाध्यक्ष डा० रमा रुखैयार ने किया। कार्यक्रम के दौरान महिला शिक्षक संघ वाराणसी की जिला अध्यक्ष छवि अग्रवाल हुई राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ में शामिल। उनको राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महिला विंग की कार्यकारी जिला अध्यक्ष बनाया गया साथ ही राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी की कार्यकारिणी का विस्तार भी हुआ जिसमें कमलेश यादव तथा धीरेंद्र सिंह को जिला मंत्री बनाया गया। चंद्र मोहन यादव को जिला संयुक्त मंत्री बनाया गया। इसके साथ ही शिक्षकों के बीच में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश को तथा महिला विंग की महामंत्री कुमुद सिंह को किया गया सम्मानित, जिनका सम्मान लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर उदयन मिश्र तथा मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी विभाग के बौद्धिक प्रमुख दिनेश पाठक ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिसमें प्रमुख रूप से ज्योति प्रकाश,संजीव त्रिपाठी, सत्यप्रकाश पाल, संजय गुप्ता, वीरेंद्र सिंह, सुशील कुमार, राजन सिंह, प्रभात भृँगवंश, संतोष पाण्डेय, दिनेश चंद, अनिल तिवारी, अरविंद द्विवेदी, आशुतोष पांडेय आदि रहे।

## देवी स्वरूप माता साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती का दर्शन करने का मिला सौभाग्य : संपूर्णा नंद पाण्डेय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासभा के प्रदेश महासचिव संपूर्णा नंद पाण्डेय ने कहा की दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वाधान में हो रहे कथा का हवन यज्ञ एवं पूणार्हुति होने के साथ साथ कथा बहुत अच्छे से संपन्न हुआ ` पाण्डेय जी ने बताया की श्री आशुतोष महाराज जी की विश्व प्रसिद्ध शिष्या सुश्री वैष्णवी भारती



जी एक देवी स्वरूप है उनका दर्शन करना ही अपने आप में एक तीर्थ के बराबर है साध्वी जी ने काशी विश्वनाथ मंदिर का दर्शन पूजन किया। स्वामी अजुर्नानंद ने कहा की दूर दूर से आए कृष्ण भक्त का अभिवादन करता हु और भगवान स्वरूप आशुतोष महाराज को एकांत में बैठकर सच्चे मन से सुने,सभी का कल्याण होगा स्वामी विश्वनतानंद ने कहा की 25 अक्टूबर से लखनऊ में हो रहे दिव्य श्रीमद् भागवत कथा में आए। स्वामी हरिप्रकाशानंद ने कहा की वाराणसी में आए सभी लोग का धन्यवाद देता हुं और कथा के अनुसार अपने जीवन को अपनाए सभी लोग।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं